हरिभूमि

# इस्पात भूमि

रायपुर, गुरुवार 8 जनवरी 2026


तापमान

अधिकतम 27.4 डिग्री

न्यूनतम 8 डिग्री


12 जर्मनी की हाईटेक मशीनों से होगी स्मार्ट मीटर की जांच





13 उतई के दो वार्ड में फैला पीलिया, अनेक परिवार आए चपेट में






## खबर संक्षेप

### पतोरा और मुड़पार में अवैध क्रेशर का संचालन दोनों पर कार्रवाई

**दुर्ग।** ग्राम पंचायत पतोरा और मुड़पार में अवैध रूप से संचालित क्रशरों पर कार्रवाई की गई है। ग्रामीणों ने इसे लेकर शिकायत की थी। ग्रामीणों का आरोप था कि इन क्रशरों के संचालन से न केवल पर्यावरण को नुकसान पहुंच रहा है, बल्कि निर्धारित मानकों की भी अनदेखी की जा रही है। खनिज विभाग ने मौके पर पहुंचकर जांच की। पतोरा और मुड़पार का औचक निरीक्षण किया। जांच के दौरान पाया गया कि क्रशर संचालक पर्यावरण मानकों का पालन नहीं कर रहे हैं। इस पर त्वरित कार्यवाही करते हुए विभाग ने छत्तीसगढ़ खनिज परिवहन भंडारण नियम 2009 एवं एमएम (डीआर) एक्ट 1987 की धारा 21 (5) के तहत प्रकरण दर्ज किया। कलेक्टर अभिजीत सिंह ने स्पष्ट किया कि अवैध उत्खनन और पर्यावरण मानकों का उल्लंघन करने वाले किसी भी संस्थान को बख्शा नहीं जाएगा।

### घोराड़ी में फिर पकड़ाई अवैध शराब

**दुर्ग।** आबकारी विभाग ने एक बार फिर ग्राम भरर के घोराड़ी में अवैध शराब पकड़ी। इस क्षेत्र में लंबे समय से अवैध शराब बिक्री और बनाने का कारोबार फलफूल रहा है। लगातार कार्रवाई के बाद भी अवैध शराब के इस कारोबार पर अंकुश नहीं लग पा रहा है। शिकायत के बाद आबकारी विभाग ने क्षेत्र में दबिश दी। घोराड़ी में आरोपी लोकेश पिता दयालू राम बंजारे के कब्जे से 40 पाव प्लेन मदिरा जप्त कर 34 (2) का प्रकरण कायम कर आरोपी को जेल दाखिला कराया गया। उक्त प्रकरण वृत्त प्रभारी अरविन्द साहू ने विवेचना में लिया गया है। कार्रवाई के दौरान मुख्य आरक्षक संतोष दुबे, ड्राइवर नोहर मौजूद थे।

### मामूली विवाद पर चाकू से हमला, आरोपी पकड़ाया

**भिलाई।** मामूली विवाद को लेकर चाकू से हमला करने दो युवक व एक अपचारी बालक को गिरफ्तार किया है। एएसपी सुखनंदन राठौर ने बताया कि राजेश कुमार सेन ने शिकायत किया था कि 18 नंबर रोड पटेल डेयरी के पास द क्लासिक कट्स के नाम से उनका सेलून दुकान है। 4 जनवरी की रात दुकान को बंद कर पुत्र पूनाराम सेन उर्फ विक्की घर लौट रहा था। इस दौरान घर के पास गली में पहुंचा था कि अज्ञात ने चाकू से हमला कर फरार हो गए। रविवार को दिन में बाल कटाने क्लासिक कट्स सेलून गया था। जहां दुकान में पूनाराम सेन उर्फ विक्की को बाल काटने बोला। लेकिन पूनाराम दूसरे का बाल कांट रहा था नहीं कांटा पर दोनों में विवाद गाली गलौज होने पर वहां से चले गया। इसी रंजिश के चलते उस पर हमला करने का प्लान तैयार कर डॉ. राजेन्द्र प्रसाद नगर, खुर्सीपार गेट, थाना खुर्सीपार निवासी शेख शाहिल, छावनी मोहल्ला निकेश सेन को घटना की जानकारी दी।


# हेलमेट को लेकर जागरुकता रैली, स्कूलों के बाहर भी चेकिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

ट्रैफिक पुलिस यातायात नियमों का पालन कराने को लेकर सख्त हो गई है। यातायात माह के अंतर्गत नियमित रूप से लोगों को ट्रैफिक नियमों की जानकारी देने के लिए जागरुकता अभियान चलाया जा रहा है। बुधवार को जागरुकता रैली निकाली गई। इतना ही नहीं स्कूल और कॉलेज के बाहर विशेष अभियान चलाकर बिना हेलमेट वाहन चलाने वालों पर चलानी कार्रवाई की। विद्यार्थियों को यातायात नियमों का पालन करने की नसीहत दी।

ट्रैफिक पुलिस ने एक दिन पहले भिलाई तीन में अवेयरनेस कैम्पेन चलाया था। बुधवाार को टाउनशिप के सेंट्रल एवेन्यू मार्ग में हेलमेट जागरुकता रैली निकाली। इस अवसर पर एसएसपी विजय अग्रवाल ने भी सहभागिता निभाई। बता दें कि 1 से 31 जनवरी तक सड़क सुरक्षा माह का आयोजन जिला स्तरीय पर किया जा रहा है।

## ट्रैफिक पुलिस का अभियान, चौक चौराहों पर भी की जांच





### सार्वजनिक जगहों पर भी की जा रही जांच

हेलमेट को लेकर पुलिस सार्वजनिक स्थलों पर भी जांच कर रही है। चौक-चौराहों पर पुलिस की टीम स्कैनर की मदद से सीधे चालानी कार्रवाई कर रही है। मुख्य रूप से दुर्ग में नया बस स्टैंड, पटेल चौक, पुलगांव चौक, जेल तिराही, भिलाई में नेहरूनगर चौक, घड़ी चौक, पावर हाउस, सिरसा गेट, कुम्हारी, चरोदा सहित अन्य जगहों पर स्कैनर की मदद से वाहनों के रिकॉर्ड जांच रही है। साथ ही जुर्माना कार्रवाई कर रही है।

## ट्रांसपोर्ट योजना फेल : 37 करोड़ खर्च करने के बाद मिली थीं ये बसें

# 69 कंडम सिटी बसें अब होगीं नीलाम 15 नई बसों को परमिट ही नहीं मिला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

केंद्र सरकार की अर्बन ट्रांसपोर्ट योजना की कबाड़ हो चुकी सिटी बसें अब नीलाम की जाएगी। दुर्ग जिला अरबन पब्लिक सर्विस सोसायटी अंतर्गत 69 कंडम सिटी बसों का मेटल स्क्रेप ट्रेड कार्पोरेशन लिमिटेड (एमएसटीसी) के माध्यम से नीलामी होगी। खास बात यह है कि वर्ष 2015 में ट्विनसिटी सहित आसपास के ग्रामीण इलाकों में लोगों को सस्ती परिवहन सुविधा मुहैया करवाने के लिए 69 बसें मिली थी। इस पर 37 करोड़ रुपए खर्च किए गए थे। इनमें से 15 नई बसें केवल परमिट के इंतजार में खड़े-खड़े कबाड़ हो गई। इन बसों की मशीनें और पाट्र्स चोरी चली गई।

दुर्ग जिला अरबन पब्लिक सर्विस सोसायटी ने बसें चलाने के लिए नवा रायपुर स्थित क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकार कार्यालय से परमिट के लिए 18 अप्रैल 2023 को प्रस्तावित समयचक्र में मांगा। इसके मुताबिक सिटी बसों का संचालन किया जाना था। एजेंसी को वहां से परमिट नहीं मिला। दुर्ग से कुम्हारी व आसपास के क्षेत्रों के लिए सिटी बस चलाया जाना था। इसके लिए सिटी बस संचालन करने वाली एजेंसी ने 14 बसों को डिपो से निकालकर तैयार करने में करीब डेढ़ करोड़ रुपए खर्च किया।

## प्रधानमंत्री ई-बस सेवा की तैयारी, लोगों की नई उम्मीदें



### निगम के 10 करोड़ भी डूबे

पांच साल में ठेका एजेंसी ने सिटी बसों की हालत खस्ता कर दी। भिलाई निगम द्वारा संचित निधि से दिए गए 10 करोड़ रुपये अलग डूब गए। भिलाई निगम द्वारा बीच-बीच में यह दावा किया गया कि अब शासन स्तर पर नया टेंडर निकालकर बसों को फिर शुरू किया जाएगा। लेकिन ऐसा नहीं हो सका। तीन साल पहले महापौर नीरज पाल ने दो सिटी बसों का संचालन शुरू करवाया जो कुछ महीने बाद ही बंद हो गई।

### 130 करोड़ से 115 बसें चलनी थी

दुर्ग-भिलाई में 130 करोड़ की लागत से यह योजना शुरू की गई थी। शुरुआत में 115 बसों का टारगेट था, लेकिन दुर्ग जिले के लिए सिर्फ 69 बसें ही उपलब्ध कराई गई थी। उसमें भी 56 बसें ही सड़कों पर दौड़ पाई। 13 नई बसें परमिट नहीं मिलने के चलते बिना चले ही कबाड़ हो गई। बाद में 56 नई बसें भी कंडम हो गई। भिलाई निगम ने तत्कालीन कलेक्टर आर संगीता के निर्देश पर सिटी बसों के संचालन के लिए दो किस्तों में 10 करोड़ रुपये दिए थे। पहली किस्त में सात करोड़ तथा दूसरी किस्त में तीन करोड़ रुपये दिए गए थे।

### 9 जनवरी को होगी नीलामी

दुर्ग जिला अरबन पब्लिक सर्विस सोसायटी ने 69 कंडम सिटी बसों को नीलाम करने का निर्णय लिया है। जो लोग इन बसों को खरीदना चाहते हैं वे एमएसटीसी पोर्टल में रजिस्टर्ड एजेंसी ही नीलामी में भाग ले सकते है।ऑक्शन 9 जनवरी को दोपहर 12 बजे से 5 बजे तक प्रक्रिया में भाग ले सकते है। **-राजीव कुमार पांडेय,** निगम आयुक्त भिलाई

### मार्च 2020 से सिटी बस संचालन हो गया बंद

केंद्र सरकार ने अर्बन ट्रांसपोर्ट योजना के तहत सस्ते ट्रांसपोर्ट के लिए सिटी बस योजना शुरू की थी। पांच साल में ठेका एजेंसी ने सिटी बसों का दम निकाल दिया। सारी बसें कंडम हो गई। 24 मार्च 2020 से सिटी बस का संचालन बंद है। अब सभी बसें भिलाई निगम के पास बनें गैरेज में कंडम खड़ी हुई है।

### अब ई बस सेवा पर टिकी उम्मीदें

ट्विनसिटी में ई बस सेवा शुरू करने की तैयारी कर ली गई है। 50 इलेक्ट्रिक बसें सड़कों पर दौड़ेगी। यह भी केंद्र सरकार की योजना है। इस परियोजना के तहत शहर में ई-बसों का संचालन किया जाएगा, जिससे स्थानीय निवासियों को सार्वजनिक परिवहन की सुविधाएं बेहतर तरीके से मिलेगीञ दुर्ग के सांसद विजय बघेल ने विधिवत पूजा-अर्चना कर ई-सिटी बस डिपो के निर्माण कार्य का भूमिपूजन भी कर दिया है। इस बस डिपो का निर्माण 4 करोड़ रुपये की लागत से किया जा रहा है।

# बेतरतीब पार्किंग पर कार्रवाई 13 वाहन चालकों पर जुर्माना



खबर का असर

**भिलाई।** सर्विस रोड पर बेतरतीब ढंग से वाहन पार्किंग कर आवागमन बाधित करने वालों के खिलाफ ट्रैफिक पुलिस ने कार्रवाई की। अभियान के दौरान 13 बाइक और कारों पर कार्रवाई की गई, साथ ही एक कंडम कार को जब्त किया गया। दरअसल, सर्विस रोड पर लगातार हो रही अव्यवस्थित पार्किंग से लोगों की आवाजाही प्रभावित हो रही थी। इस समस्या को लेकर हरिभूमि ने 6 दिसंबर को खबर प्रकाशित की थी। उसके बाद पुलिस ने सख्त रुख अपनाया। सर्विस रोड पर खड़े वाहन हटाए गए और कई वाहनों को क्रेन की मदद से उठाकर ले जाया गया। पांच रास्ता जीई रोड किनारे, सुपेला सिविल अस्पताल और तीन दर्शन मंदिर के पास खड़े वाहनों पर कार्रवाई की गई। अचानक पुलिस कार्रवाई से गलत तरीके से पार्किंग करने वालों में हड़कंप की स्थिति बन गई। सुपेला अस्पताल के पास स्थित शो-रूम के बाहर खड़े वाहनों को चेतावनी देकर हटवाया गया। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने अनाउंसमेंट कर लोगों से सर्विस रोड पर वाहन खड़ा न करने की अपील भी की। साथ ही ठेला लगाकार व्यापार करने वाले लोगों को भी सर्विस रोड में व्यापार न करने की चेतावनी दी गई।






# वाहन को लेकर हुआ विवाद तो बुजुर्ग की कर दी हत्या

**भिलाई।** वाहन ठीक से चलाने की हिदायत देने वाले वृद्ध को युवकों ने हाथ मुक्के से हमला कर मौत के घाट उतारने का मामला सामने आया है। घटना की जानकारी लगने पर मौके पर पहुंची छावनी पुलिस ने संदेही को तुरंत पकड़ लिया है। शव को पीएम के लिए मरचूरी में भेज दिया और परिजनों को सूचना दी गई है। छावनी पुलिस ने बताया कि वीकर्मा राय 66 वर्ष और सुनील राय दोनों अपनी बाइक से लिंक रोड कैंप 2 से निकल रहे थे। उनके साथ बाजू में एक युवक भी वाहन चलाते हुए आ रहा था। इस दौरान विक्रम ने उक्त युवक को संभल कर वाहन चलाने की हिदायत दे डाली। इसी बात को लेकर आरोपी सुकांत उर्फ चिरागन सोनकर ने रास्ता रोकर विक्रम को हाथ मुक्के से जमकर पिटाई कर दिया। वीकर्मा के साथ बैठे सुनील राय पर भी आरोपी सुकांत ने हमला कर दिया। विक्रम को शरीर के विभिन्न हिस्सों में चोट आई। जिससे विक्रम की मौके पर ही मौत हो गई। आरोपी सुकांत मौके से फरार हो गया। छावनी पुलिस ने सुकांत को आधे घंटे बाद तुरंत ट्रेस कर हिरासत में लिया गया। हत्या को लेकर आरोपी से पूछताछ किया जा रहा है। मृतक के परिजन अरविंद राय ने बताया कि विक्रम राय का कुछ दिन पहले कैंसर का ऑपरेशन हुआ था। वे पूरी तरह ठीक होकर सामान्य जीवन जी रहे थे। घटना को लेकर परिजनों ने गहरा सदमा लगा है। मामूली समझाइश पर इतनी बड़ी घटना होना समझ से परे है। आरोपियों को कड़ी से कड़ी सजा देने की मांग भी की गई है।



### अपराध दर्ज कर जांच की जा रही

घटना की खबर लगते ही छावनी पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी को तुरंत ट्रेस कर हिरासत में लिया गया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ हत्या का अपराध कायम कर जांच में लिया गया है।

-प्रशांत कुमार सिंह पैकरा
सीएसपी छावनी

**चाकू से हमला :** मोहन नगर थाना अंतर्गत हरि नगर में राहुल को सागर शर्मा नामक युवक हरि नगर बुलाया। राहुल दोस्त सीबू के साथ पहुंचा, जहां दोस्त विक्की मौजूद थे। राहुल पर चाकू से हमला कर दिया।

## बीएसपी आवास नियमितीकरण मामले में एमआईसी का फैसला

# नियमितीकरण में रिसाली व भिलाई निगम साथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

16 वर्ष पुराने भिलाई इस्पात संयंत्र द्वारा बनाए आवासों के नियमितीकरण के मामले में नगर पालिक निगम रिसाली और भिलाई निगम मिलकर नोटिस व अन्य कानूनी कार्यवाही पूर्ण करेंगे। इसके लिए रिसाली निगम लिखित में नगर पालिक निगम भिलाई को सहमति देगा। बुधवार को महापौर शशि सिन्हा की अध्यक्षता में हुई परिषद की बैठक में यह निर्णय लिया गया।

भिलाई इस्पात संयंत्र विभिन्न क्षेत्र में आवासीय एवं व्यवसायिक निर्माण किया है। इसके लिए किसी भी प्रकार की अनुमति संयंत्र ने नहीं ली थी। वर्तमान मे रिसाली निगम भिलाई से अलग हो चुका है। रिसाली निगम क्षेत्र में भी टाऊनशिप का क्षेत्र शामिल है। यही वजह है कि नियमितीकरण के लंबित मामले को पूर्ण कर प्रकरण को सेटलमेंट करने रिसाली भिलाई निगम का सहयोग करने का निर्णय लिया है। संपूर्ण कार्यवाही का नेतृत्व नगर पालिक निगम भिलाई करेगा। इसके लिए नगर पालिक निगम रिसाली के महापौर परिषद ने यह निर्णय लिया है। महापौर परिषद की बैठक में एमआईसी सदस्य जहीर अब्बास, अनिल देशमुख, सनीर साहू, रोहित धनकर, रंजिता बेनुआ समेत आयुक्त मोनिका वर्मा कार्यपालन अभियंता सुनिल दुबे समेत अन्य विभाग प्रमुख मौजूद थे।




### एनएसपीसीएल को भेजेगा प्रस्ताव

महापौर परिषद ने निर्णय लिया है कि पुरैना में विभिन्न विकास कार्य को एनएसपीसीएल के सीएसआर मद से कराने प्रस्ताव भेजा जाए। खास बात यह है कि इसके लिए पूर्व में विधायक ने भी एनएसपीसीएल के लिए पत्र लिखा है। बुधवार को हुई बैठक में परिषद ने निर्णय लिया कि क्षेत्रीय पार्षद भी इस कार्य के लिए एनएसपीसीएल को पत्र पृथक से लिखे।

### सफाई ठेका एक ही एजेंसी को

रिसाली निगम क्षेत्र में एक ही कार्यादेश से सफाई ठेका देने का भी निर्णय एमआईसी ने लिया है। रिसाली निगम में 40 वार्ड हैं और वर्तमान में शहर की सफाई व्यवस्था के लिए चार हिस्सों में विभक्त कर एजेंसी को कार्य आदेश जारी किया गया है। महापौर परिषद ने निर्णय लिया है कि आने वाले वर्ष में एक कार्य आदेश जारी करने के पूर्व अनुमति प्रस्ताव शासन को भेजा जाए। वहीं व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए परिषद के सद्स्यों ने पूर्व में हुए एजेंसी के कार्य आदेश में समय सीमा को बढ़ाने का निर्णय लिया है।

# जर्मनी की हाईटेक मशीनों से होगी स्मार्ट मीटर की जांच

## प्रबंधक निदेशक भीमशंकर ने किया केंद्रीय परीक्षण में दो नई स्मार्ट मीटर बेंचों का उद्घाटन

हरिभूमि न्यूज ▶▶दुर्ग

अब स्मार्ट मीटर संबंधी शिकायतों का समाधान और उनकी सटीकता की जांच भिलाई में ही हो सकेगी।

ज्ञात हो कि पूरे प्रदेश में पहले केवल एक ही मीटर परीक्षण प्रयोगशाला भिलाई में स्थापित थी, जहां उपलब्ध एक ही बेंच पर पूरे प्रदेश के सभी प्रकार के मीटरों का परीक्षण किया जाता था। पूरे प्रदेश की मीटरों की जांच करने में समय लगता था, इसलिए राज्य सरकार ने पॉवर कंपनी के प्रस्ताव पर 6 करोड़ 82 लाख रुपए की लागत से प्रदेश के रायपुर एवं बिलासपुर में नई मीटर टेस्टिंग लैब एवं भिलाई में पूर्व से स्थापित लैब की क्षमता वृद्धि की स्वीकृति प्रदान की। छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के प्रबंध निदेशक भीम सिंह कंवर ने भिलाई-तीन स्थित केंद्रीय परीक्षण प्रयोगशाला मीटर टेस्टिंग लैब में 6 जनवरी 2025 को लगभग 2 करोड़ 27 लाख रुपये की लागत से स्थापित दो नई स्मार्ट मीटर बेंचों का उद्घाटन किया। प्रयोगशाला में पूर्व से ही स्थापित बेंच पर एक साथ 20 मीटरों की जांच की जा सकती है। अब प्रयोगशाला में कुल तीन बेंच हो गए हैं। जिससे प्रयोगशाला की क्षमता बढ़ गई है, अब एक साथ 60 मीटरों की जांच की जा सकती है। उल्लेखनीय है कि यह छत्तीसगढ़ की पहली प्रयोगशाला है जिसे राष्ट्रीय परीक्षण और शोधन प्रयोगशाला प्रत्यायन बोर्ड एनएबीएल से मान्यता प्राप्त है। यहाँ मीटर टेस्टिंग के अलावा केबल कंडक्टर एवं सीटीपीटी की जांच भी की जाती है। वर्तमान में यहाँ पावर और डिस्ट्रीब्यूशन ट्रांसफार्मर परीक्षण प्रयोगशाला का निर्माण कार्य प्रगति पर है।

### सिंगल व थ्री फेस मीटर की होगी जांच

प्रयोगशाला में स्थापित नई स्मार्ट मीटर बेंच मशीनें जर्मनी की अत्याधुनिक जेरा कंपनी की हैं। प्रयोगशाला में एक थ्री फेस और एक सिंगल फेस बेंच लगाई गई है, जिससे सभी प्रकार के स्मार्ट मीटरों की जांच संभव होगी। इस अवसर पर कार्यपालक निदेशक एसके ठाकुर, शिरीष शैलेट, मुख्य अभियंता एम जामुलकर, चंद्रकला गिडवानी, अतिरिक्त मुख्य अभियंता रश्मि वर्मा सहित अधीक्षण अभियंता आरके मिश्रा, जे जगन्नाथ प्रसाद, मनोज वर्मा, पीएल सिदार, आरके चन्द्राकर और कार्यपालन अभियंता अविनाश चौहान सहित कई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।



### पारदर्शिता और विश्वास बढ़ाने उठाया कदम

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड दुर्ग क्षेत्र के मुख्य अभियंता संजय खंडेलवाल ने कहा कि वर्तमान में स्मार्ट मीटरों की अनिवार्यता को देखते हुए उपभोक्ताओं में पारदर्शिता और विश्वास बढ़ाने के लिए यह कदम उठाया गया है। यदि किसी उपभोक्ता को अपने स्मार्ट मीटर की रीडिंग या कार्यप्रणाली पर संदेह है तो वे निर्धारित शुल्क जमा कर प्रयोगशाला में अपने मीटर की जांच करवा सकते हैं।

## खबर संक्षेप



### ओम सत्यम शिक्षण व जनविकास समिति ने डॉ. सिंह को किया सम्मानित

दुर्ग। छत्तीसगढ़ विधानसभा सभा के अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह को ओम सत्यम शिक्षण एवं जन विकास समिति ने सम्मानित किया। शंकर नगर रायपुर स्थित निवास स्थान में प्रदेश प्रशिक्षण विभाग प्रभारी भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा नीलकंठ गढ़े, समिति अध्यक्ष सीताराम ठाकुर, सचिव दिलीप ठाकुर तिवारी ने राज्य के रजत जयंती वर्ष पर उद्घाटित नव निर्मित विधानसभा के निर्माण एवं संरचना में सक्रिय एवं महत्वपूर्ण भूमिका के लिए स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। डॉ. सिंह ने इस सम्मान के लिए समिति के सदस्यों का आभार व्यक्त किया।

### मनरेगा से जिले में 49,126 ग्रामीण मजदूरों को मिल रहा रोजगार

दुर्ग। जिले में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के अंतर्गत व्यापक स्तर पर रोजगार उपलब्ध कराया जा रहा है। वर्तमान में जिले की 300 ग्राम पंचायतों में से 294 ग्राम पंचायतों में मनरेगा के विभिन्न प्रकार के कार्य संचालित किए जा रहे हैं, जिनसे 49,126 ग्रामीण मजदूरों को रोजगार मिल रहा है। इन कार्यों के लिए कुल 1,642 मस्टर रोल जारी किए गए हैं। धमधा में मनरेगा के तहत सर्वाधिक रोजगार उपलब्ध कराया जा रहा है। यहां 25,298 मजदूरों को रोजगार मिला है तथा 586 मस्टर रोल जारी किए गए हैं। धमधा क्षेत्र की 119 ग्राम पंचायतों में से 115 ग्राम पंचायतों में वर्तमान में कार्य चल रहे हैं। पाटन के 108 ग्राम पंचायतों में 14,997 मजदूरों को रोजगार प्रदान किया जा रहा है। 564 मस्टर रोल जारी किए गए हैं। वहीं दुर्ग के 71 ग्राम पंचायतों में 8,831 मजदूरों को रोजगार मिला है, जिसके लिए 709 मस्टर रोल जारी किए गए हैं। सीईओ बजरंग कुमार दुबे ने बताया कि मजदूरों की मांग के आधार पर गत वर्ष की तुलना में लगभग तीन गुना अधिक मजदूरों को रोजगार उपलब्ध कराया जा रहा है। जन-जागरूकता अभियान चलाकर मजदूरों को निरंतर रोजगार से जोड़ा जा रहा है।

## वार्ड-4 : वार्डवासी हो रहे परेशान, नहीं हो रहा समस्याओं का समाधान

# नेहरू नगर में सीवरेज सिस्टम फेल बह रहा गंदा पानी, मरम्मत का इंतजार

हरिभूमि न्यूज ▶▶भिलाई

वार्ड परिक्रमा

नेहरूनगर वार्ड 4 में सिवरेज सिस्टम की खराब स्थिति लोगों के लिए रोज की परेशानी बन गई है। यहां कई साल पहले बनाए गए सिवरेज लाइन का मेंटेनेंस समय पर नहीं हुआ, नतीजा यह है कि सिवरेज ओवरफ्लो होकर गंदा पानी सड़कों पर फैल रहा है। मोहल्ले के लोग मजबूरी में इसी गंदे पानी से होकर आवाजाही कर रहे हैं।

नगर निगम के जोन-1 अंतर्गत नेहरू नगर वार्ड 4 में रहने वाले परिवारों का कहना है कि बरसात न हो तब भी सड़कें पानी और गंदगी से भरी रहती हैं। बदबू के कारण घरों में खिड़कियां तक बंद रखनी पड़ती हैं। बच्चों और बुजुर्गों के लिए हालत और मुश्किल है। कई जगह फिसलन रहती है और बीमारी फैलने का डर बना हुआ है। वार्ड के कुछ प्रमुख रास्ते भी जर्जर हालत में पहुंच चुके हैं। जगह-जगह सड़क उखड़ी हुई है। वहीं कई नालियां टूटी पड़ी हैं, जिनकी मरम्मत अब तक नहीं कराई गई। स्थानीय लोगों का कहना है बार-बार शिकायत के बाद भी स्थायी समाधान नहीं निकला। वार्डवासियों ने नगर निगम से सिवरेज लाइन की साफ-सफाई, नियमित मेंटेनेंस और टूटी नालियों की मरम्मत की मांग की है।

### गंदे पानी की वजह से बढ़ रहा संक्रामक बीमारियों का खतरा







### गंदे पानी से होकर गुजरने को मजबूर लोग

सड़क 12 के निवासी अभिजित गोस्वामी ने बताया कि सिवरेज सिस्टम लंबे समय से परेशानी बना हुआ है। मेंटेनेंस की कमी के कारण सिवरेज लाइन फुल हो जाती है और उसका गंदा पानी सीधे सड़क पर बहने लगता है। इस वजह से लोगों को रोज इसी गंदे पानी से होकर गुजरना पड़ रहा है। अभिजित के अनुसार उन्होंने इसकी शिकायत नगर निगम में भी की, लेकिन जिम्मेदार अफसर इस मुद्दे को गंभीरता से नहीं ले रहे।



### ना निगम जागा, ना एसोसिएशन

समाजसेवी वीएन पांडेय ने बताया कि नेहरू नगर में सिवरेज ओवरफ्लो, गंदगी और खराब सफाई व्यवस्था को लेकर वार्डवासी नाराज हैं। लोगों का कहना है कि कई साल पुरानी सिवरेज लाइन मेंटेनेंस के अभाव में जाम हो गई है। उन्होंने कहा कि नेहरू नगर से नगर निगम को सबसे ज्यादा रेवेन्यू मिलता है, इसके बावजूद इस वार्ड की हालत दयनीय है। कई जगह सिवरेज जाम है, सफाई व्यवस्था कमजोर है और कई मूलभूत समस्याएं वर्षों से अटकी हुई हैं। वीएन पांडेय के अनुसार न केवल नगर निगम, बल्कि, जनप्रतिनिधि, नेहरू नगर रेसिडेंस एसोसिएशन और नेहरू नगर कमर्शियल कॉम्प्लेक्स एसोसिएशन के पदाधिकारी भी इस दिशा में सक्रिय नहीं दिखाई दे रहे। जबकि वार्ड का बड़ा हिस्सा व्यापारिक और घनी आबादी वाला क्षेत्र है।



### बरसात के दिनों में हालत और बदतर

वार्ड निवासी संदीप गुप्ता ने बताया कि सिवरेज का पानी लगातार सड़क पर बहता है, बदबू फैलती है और लोगों का निकलना मुश्किल हो जाता है। गंदे पानी के कारण बच्चों और बुजुर्गों के लिए सड़क पर चलना जोखिम भरा हो गया है। कई जगह फिसलन बनी रहती है और बीमारी फैलने का खतरा भी बढ़ गया है। मोहल्ले के लोग चाहते हैं कि सिवरेज लाइन की सफाई के साथ नियमित मेंटेनेंस की व्यवस्था हो। बरसात के दिनों में हालत और बदतर हो जाती है।



# दुर्ग में हाथठेला खरीदी में गड़बड़ी, शिकायत



हरिभूमि न्यूज ▶▶दुर्ग

नगर निगम दुर्ग में सफाई कार्य में उपयोग आने वाले हाथ ठेला खरीदी में गड़बड़ी सामने आई है। इसे लेकर बुधवार को कांग्रेसी पार्षद दल ने कलेक्टर अभिजीत सिंह से मुलाकात की। उन्हें वस्तु स्थिति से अवगत कराते हुए मामले में निष्पक्ष जांच की मांग की। शिकायत करने वालों में पूर्व महापौर धीरज बाकलीवाल, नेता प्रतिपक्ष संजय कोहले, राजेश यादव , दीपक साहू, भोला महोबिया, विजेंद्र भारद्वाज, ज्ञानदास बंजारे, गौरव उमरे, चिराग शर्मा, सुशील भारद्वाज शामिल थे।

■ जेम पोर्टल के माध्यम से ही अलग-अलग दरों से हुई खरीदी

शिकायत में कहा गया कि भिलाई और रिसाली में भी हाथ ठेला की खरीदी हुई है। भिलाई में 7859, रिसाली में 8 हजार की दर से जैम पोर्टल के माध्यम से खरीदी हुई। जैम पोर्टल के माध्यम से दुर्ग में भी खरीदी की गई, लेकिन यह दर 13011 रुपए है। इतना ही नहीं भिलाई और रिसाली निगम के हाथ ठेला से क्षमता भी दुर्ग से अधिक है। बाकलीवाल ने कहा कि यह सीधे तौर पर अनियमितता है। इसकी निष्पक्ष जांच होनी चाहिए। दोषियों पर कार्रवाई की जाए। नेता प्रतिपक्ष संजय कोहले ने कहा कि यह सीधे तौर पर भ्रष्टाचार है। इस मामले को लेकर महापौर और आयुक्त को जवाब देना चाहिए।

### माह की 7 तारीख को होगा आवास दिवस का आयोजन

दुर्ग। प्रत्येक माह की 7 तारीख को चावल महोत्सव एवं रोजगार दिवस के साथ-साथ आवास दिवस का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में ग्राम पंचायत बासीन में आवास दिवस एवं रोजगार दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सीईओ बजरंग कुमार दुबे, जिला पंचायत की अध्यक्ष सरस्वती बंजरे, पवन शर्मा उपस्थित थे। ग्राम चौपाल में आयोजित कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों से सीधा संवाद किया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष एवं सीईओ द्वारा क्यूआर कोड स्कैन कर ग्राम पंचायत से संबंधित योजनाओं की विस्तृत जानकारी ली गई। आवास दिवस के अवसर पर ग्रामीणों को महात्मा गांधी नरेगा एवं प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण की जानकारी दी गई। योजनाओं से संबंधित विवरण क्यूआर कोड के माध्यम से उपलब्ध कराया गया।

# वार्ड 43 मुक्त नगर में महापौर ने नालों की सफाई में लापरवाही पर जताई नाराजगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶दुर्ग



महापौर अलका बाघमार ने लोककर्म विभाग प्रभारी देव नारायण चंद्रकार, पार्षद दीपक साहू, अजय वर्मा तथा उप अभियंता हरीशंकर साहू के साथ वार्ड क्रमांक 43 मुक्त नगर के नालों की साफ-सफाई का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान महापौर ने मुक्त नगर आंगनबाड़ी के पास स्थित नाले में बांस डालकर सिल्ट की गहराई परखी। जैसे ही सफाईकर्मी ने बांस डाला यह स्पष्ट हो गया कि नाले की सफाई ठीक से नहीं कराई गई थी। नाले में लगभग एक फुट तक सिल्ट भरी पाई गई। इस लापरवाही पर महापौर ने नाराजगी जताते हुए जिम्मेदार कर्मचारियों को सचेत किया। पार्षद दीपक साहू ने क्षेत्र में नाला जलभराव समस्या को रखते हुए जेल रोड और केंद्रीय विद्यालय जेल रोड नाला सफाई कार्य का मुद्दा उठाया। इस पर महापौर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि मालवीय नगर नाले से जोड़कर पानी की निकासी की बेहतर व्यवस्था बनाई जाए, ताकि बारिश के मौसम में जलभराव की समस्या न रहे। महापौर ने कहा कि शहरवासियों की सुविधा से जुड़े कार्यों में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और नालों की सफाई समय-सीमा में पूरी कराई जाए।

## मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के लिए साप्ताहिक द्वितीय बैठक संपन्न



दुर्ग। निर्वाचक नामावलियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अर्हता 1 जनवरी 2026 के संबंध में 6 जनवरी को जिले के समस्त विधानसभा 62 पाटन, 63 दुर्ग ग्रमीण, 64 दुर्ग शहर, 65 भिलाई नगर, 66 वैशाली नगर, 67 अहिवारा के निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों की अध्यक्षता में मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों की बैठक समस्त निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों द्वारा आयोजित की गई।

जिले के समस्त विधानसभा के निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा बैठक में उपस्थित मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, छ.ग. रायपुर के निर्देश के परिपालन में निर्वाचक नामावलियों का विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अर्हता तिथि 01 जनवरी 2026 के संदर्भ में दावा आपत्तियों की सूची साझा किये जाने एवं विशेष गहन पुनरीक्षण के संबंध में जानकारी साझा किये जाने साप्ताहिक बैठक आयोजित की गई। बैठक में उपस्थित राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को कण्डिकावार जानकारी उपलब्ध कराई गयी।

# मतदाता सूची में नाम जोड़ने शिविर में 65 छात्राओं ने किया आवेदन

हरिभूमि न्यूज ▶▶दुर्ग




शासकीय डॉ. वावा पाटणकर कन्या स्नानकोत्तर महाविद्यालय मे छात्राओं के लिए मतदाता सूची में नाम जुड़वाने स्थानीय प्रशासन द्वारा महाविद्यालय के स्वीप समिति एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. रंजना श्रीवास्तव ने कहा कि मतदान केवल संवैधानिक अधिकार ही नही अपितु प्रत्येक नागरिक का नैतिक कर्तव्य है। देश के प्रत्येक मतदाता को मतदान करना ही चाहिए, जिससे लोकतंत्र मजबूत होगा। इस अवसर पर महाविद्यालय की छात्राओं ने नुक्कड़-नाटक का मंचन किया। जिसके माध्यम से छात्राओं ने समस्त महाविद्यालयीन छात्राओं का आह्वान किया कि लोकतंत्र के मजबूत गठन के लिए मतदाता सूची में नाम जुड़वाना एवं मतदान कितना महत्वपूर्ण है। इस आयोजन में लगभग 65 छात्राओं ने मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए आवेदन (प्रारूप-6) जमा किया ।

इस अवसर पर वार्ड क्रंमाक-225 भाग क्रंमाक-225 के बीएलओ महावीर ध्रुव, डॉ. अमिता सहगल, स्वीप प्रभारी डॉ. विजय कुमार वासनिक, राष्ट्रीय सेवा योजना के प्रभारी डॉ. यशेश्वरी ध्रुव एवं डॉ. सुषमा यादव एवं महाविद्यालय के प्राध्यापक तथा छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन स्वीप समिति के संयोजक डॉ. विजय कुमार वासनिक ने व धन्यवाद ज्ञापन डॉ. मिलिन्द अमृतफले ने किया।

## एसआईआर के तहत दावा-आपत्ति के दौरान प्रस्तुत दस्तावेजों का सत्यापन

# पात्र मतदाता का नाम न छूटे, गलत नाम न जुड़े : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶दुर्ग

कलेक्टर अभिजीत सिंह ने कहा कि जिले में एसआईआर के अंतर्गत 23 दिसंबर को प्रारंभिक मतदाता सूची के प्रकाशन के साथ ही दावा आपत्ति का कार्य प्रारंभ हो गया है। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची में मैपिंग नहीं होने पर 40 हजार लोगों को नोटिस जारी किया गया है। जिन लोगों का नाम प्रारंभिक मतदाता सूची में नहीं आया है, उनसे फार्म 6 भरवाया जाना है। इस दौरान उन्हे आयोग द्वारा जारी 13 प्रकार के दस्तावेजों में से प्रमाण हेतु दस्तावेज प्रस्तुत करना होगा। प्रस्तुत दस्तावेज सत्यापन हेतु संबंधित विभाग के अधिकारी को ई-मेल के माध्यम से भेजे जाएंगे। सत्यापन पश्चात 5 दिवस के भीतर दस्तावेज संबंधित ईआरओ को वापस भेजना होगा।

■ कलेक्टर अभिजीत सिंह ने ली समय सीमा की बैठक

कलेक्टर ने कहा कि अधिकारी यह विशेष ध्यान देवें कि पात्र व्यक्ति का नाम मतदाता सूची में छूटने न पाएं, वहीं अपात्र व्यक्ति का नाम जुड़ने न पाए। कलेक्टर श्री सिंह ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित अधिकारियों की बैठक में उक्त निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने लंबित समय सीमा प्रकरणों की विभागवार समीक्षा की और आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने वन विभाग द्वारा संरक्षित वेट लैंड की जानकारी ली।





### स्वीकृत निर्माण कार्य समावधि में पूर्ण कराएं

निर्माण कार्य क्रियान्वयन एजेंसी विभागों से अनुसूचित जाति विकास प्राधिकरण के स्वीकृत निर्माण कार्य समयावधि में शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री सिंह ने जिले में जल संचयन हेतु जल शक्ति अभियान की समीक्षा के दौरान कैच द रेन कार्यक्रम अंतर्गत विभागीय कार्यों को गूगल शीट में अपलोड कराने के निर्देश दिए। डीएमओ ने अवगत कराया कि धान खरीदी हेतु उपार्जन केन्द्रों में नए एवं पुराने बारदानों की पर्याप्त उपलब्धता है।

### आंगनाबाड़ी में बच्चों का बनेगा आधार कार्ड

जिले के अंतर्गत 2.25 हेक्टेयर से कम क्षेत्रफल वाले चिन्हित वेट लैंड को संबंधित एसडीएम से एनओसी मिलने के पश्चात ही शासन स्तर पर भेजने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी एसडीएम को संबंधित क्षेत्र में कोटवारी जमीन की बिक्री संबंधी जानकारी शीघ्र उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। इसी प्रकार मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को सिकलिंग की पहचान, वय वंदन एवं आयुष्मान कार्ड में प्रगति लाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने निजी स्कूलों में स्कूली बच्चों के आधार कार्ड बनाने की प्रक्रिया में प्रगति लाने जिला शिक्षा अधिकारी को आवश्यक पहल करने कहा। उन्होंने अवगत कराया कि आंगनबाड़ी के बच्चों का भी आधार कार्ड बनाया जाना है। जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग कार्य योजना बनाकर ईडीएम से समन्वय के साथ बच्चों का आधार कार्ड बनाने की प्रक्रिया पूर्ण कराएं।

# 4 वार्डों में लगा स्वास्थ्य शिविर, 211 महिला व बुजुर्गों ने लिया लाभ



दुर्ग। नगर पालिक निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना के तहत 4 मोबाइल मेडिकल यूनिट्स द्वारा शहर के विभिन्न वार्डों में स्वास्थ्य शिविर लगाए गए। ये शिविर वार्ड 25 ईएमए चौक ओम परिसर, वार्ड 3 मठपारा सारथी नगर, वार्ड 16 सिकोला बस्ती तथा भवानी चौक में आयोजित हुए।

शिविरों में हितग्राहियों के लिए आवश्यक स्वास्थ्य जांच की सुविधाएं उपलब्ध कराई गईं। जिनमें एचबी ए 1 सीए, हीमोग्लोबिन, बीपी, शुगर, ब्लड ग्रुप, होमोसिस्टीन, थायराइड, लिवर, किडनी फंक्शन, यूरिक एसिड, विटामिन बी 12 और क्रिएटिनिन जैसी जाँचें शामिल रहीं। शिविर का 211 मरीजों ने लाभ लिया। 96 जाँचें की गईं। मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना शहरी गरीबों के लिए सुलभ स्वास्थ्य सेवाएँ उपलब्ध कराने में अहम भूमिका निभा रही है। मोबाइल मेडिकल यूनिट में डॉक्टर, नर्स, फार्मासिस्ट और लैब तकनीशियन की तैनाती रहती है, जिससे वहीं पर जाँच, परामर्श और निःशुल्क दवाइयों का वितरण संभव हो पाता है। इससे लोगों को निजी क्लीनिकों के खर्च और दूर-दराज अस्पताल जाने की परेशानी से राहत मिली है। योजना के माध्यम से विशेष रूप से महिलाओं, बुजुर्गों, बच्चों और श्रमिक वर्ग को लाभ मिल रहा है। ब्लड प्रेशर, शुगर, एनीमिया जैसी समस्याओं की नियमित जांच और उपचार से स्वास्थ्य जागरूकता भी बढ़ रही है।

# उतई के दो वार्ड में फैला पीलिया, अनेक परिवार आए चपेट में

## पूर्व व वर्तमान जनप्रतिनिधि पहुंचे प्रभावितों से मिलने

हरिभूमि न्यूज ▶▶|उतई

नगर पंचायत उतई के वार्ड क्रमांक 14 और, 15 में पीलिया फैल रहा है। विगत 15 दिन से यहां गंदे पानी पीने से अनेक परिवारों में पीलिया के मरीज हैं। लगभग 6 परिवारों में 20 मरीजो का पता चला है। जिसमे 10 से 12 बच्चे भी शामिल है। सभी की स्थिति सामान्य है। घर निरीक्षण किया गया, पता चला कि नालियों में भरे गंदे पानी की वजह से घर के हैंड पंप सार्वजनिक हैंड पंप से पीने वाले पानी में बदबूदार पानी आना अचानक शुरू हो गया है। वार्ड के एक दो परिवार को पहले ऐसा लगा कि हमारे घर में ही पानी खराब होने की वजह से हमारे परिवार में ही पीलिया हुआ है लेकिन धीरे-धीरे पूरे मोहल्ले में गंदे पानी की वजह से पीलिया फैल गया है।



वार्ड पार्षद के कई बार गुहार लगाने के बाद भी नालियों में ब्लीचिंग पाउडर तक का छिड़काव नहीं किया गया है। निरीक्षण के दौरान कांग्रेस पार्टी के नेता प्रतिपक्ष द्वारिका साहू के साथ सभी कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष डिकेंद्र हिरवानी, पूर्व पार्षद प्रहलाद वर्मा, तोषण साहू, वीरेंद्र गोस्वामी, भावेश साहू, टीकम डोडे, धनंजय नेताम, योगेश मंडले और गुलशन शर्मा के साथ पीलिया पीड़ित परिवारों से मिले। उन्होंने अपील की कि पानी उबालकर ही पिए, स्वच्छता पर भी ध्यान दें। नगर पंचायत सी एम ओ से फोन में संपर्क करने पर उन्होंने कहा की कार्रवाई की जा रही है लेकिन यथास्थिति में उनकी कार्यवाही संतुष्टिप्रद नही दिख रही है। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि वर्तमान सरकार और नगर पंचायत अध्यक्ष ने आश्वासन दिया था 6 महीने में पेयजल व्यवस्था सुधार कर दिया जाएगा । लेकिन साल बीतने को है फिर भी कोई सुधार नहीं हुआ है। उन्होंने नगर पंचायत उतई के अधिकारी और अध्यक्ष मांग की है कि सभी लोगों के स्वास्थ्य को ध्यान देते हुए नगर पंचायत के वार्डों में घरों से निकलने वाले गंदे पानी के लिए नाली बनाई जाए। जिस पर पेयजल की पाइपलाइन बिछी हुई है उसको तत्काल वहां से निकले अन्यथा स्थिति और गंभीर हो जाएगी। उन्होंने आगे कहा कि नगर पंचायत उतई के अधिकारी वार्डवासियों का इलाज पर विशेष रूप से डॉक्टर के विशेष विभाग के टीम की निगरानी में ही करवाये अन्यथा अपरिहार्य घटना होती है तो इसकी जवाबदारी नगर प्रशासन व अस्पताल प्रबंधन की होगी।

निरीक्षण के दौरान पूर्व अध्यक्ष डिकेंद्र हिरवानी नेता प्रतिपक्ष पार्षद द्वारिका साहू पूर्व पार्षद प्रहलाद वर्मा तोषण साहू वीरेंद्र गोस्वामी तोषण साहू कांग्रेस पार्टी के साथी गण भावेश साहू टीकम डोडे योगेश माडले धनंजय नेताम रोशन साहू गुलशन शर्मा प्रेम नारायण साहू आदि उपस्थित थे।

### पानी जांच के लिए लैब भेजा गया, बताया पार्षद ने

वार्ड क्रमांक 15 की पार्षद सुनीता चन्द्राकर ने बताया कि जिस बोर से गंदा पानी आ रहा था उसका हैंडल को निकाल दिया गया और नालियों की सफाई करवाकर ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव किया गया है. वार्ड वासियों को पानी उबालकर पीने की सलाह दी गई है तथा पानी टेस्ट के लिए लैब भेजवा दिया गया है।

## खबर संक्षेप

### भनपुरी में 11 को कबड्डी और चौसर प्रतियोगिता

**भिलाई।** ग्राम भनपुरी में मंड़ई के अवसर पर नवयुवक मंडल बाल किशोर दल द्वारा 11 जनवरी को कबड्डी और चौसर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। समिति के सचिव लुकेश देशमुख ने बताया कि रात में रंगरसिया नाचा पार्टी लखनपुरी का नाचा कार्यक्रम आयोजित है। कबड्डी प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार 7001 रुपए, द्वितीय 5001, तृतीय 3001 और चतुर्थ पुरस्कार 2001 रुपए दिया जाएगा। बेस्ट रेडर, बेस्ट कैचर व बेस्ट आलराउंडर के लिए भी आकर्षक पुरस्कार रखे गए हैं। चौसर में प्रथम पुरस्कार 3001, द्वितीय 2001, तृतीय 1501 और चौथा पुरस्कार 1001 रुपए दिया जाएगा।

### खेल ग्राउंड का उद्घाटन, खिलाड़ियों में उत्साह



**अंडा।** ग्राम आमटी (निकुम) स्थित एथलेटिक्स क्लब में आज नवनिर्मित खेल ग्राउंड का विधिवत उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर ग्राम की सरपंच दुर्गा पुरुषोत्तम चौधरी, निखिल साहू सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन, क्लब से जुड़े खिलाड़ी एवं बच्चों के माता–पिता उपस्थित रहे।
एथलेटिक्स क्लब आमटी (निकुम) के प्रशिक्षकों रूपेंद्र साहू, टेमन यादव और नवीन यदु के मार्गदर्शन में क्लब के खिलाड़ी विभिन्न एथलेटिक्स विधाओं में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। कार्यक्रम के दौरान कोच और समस्त खिलाड़ियों का सम्मान किया गया।

## निधन

### कृष्णा देवी तिवारी



**भिलाई।** नेहरू भवन के सामने सुपेला निवासी वरिष्ठ भाजपा नेता और जिला अधिवक्ता संघ दुर्ग के पूर्व अध्यक्ष केएल तिवारी की पत्नी कृष्णा देवी तिवारी उम्र 70 का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार रामनगर मुक्तिधाम में किया गया। वे सतीश, धनंजय और बिपिन तिवारी की मां थी।

### पराागा पटेल



**दुर्ग।** पटेल पारा उरला दुर्ग निवासी पराागा पटेल पति स्व. चितरंजन पटेल का निधन बुधवार को हो गया। उनका अंतिम संस्कार उरला स्थित मुक्तिधाम में किया गया। वे नलिनी पटेल, टेकराम पटेल की बहू तथा कृष्ण कुमार पटेल, धनंजय पटेल की मां थी।

### गायत्री देवी



**भिलाई।** प्रियदर्शनी परिसर पूर्व सुपेला निवासी गायत्री देवी 80 वर्ष का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 8 जनवरी को सुबह 11 बजे रामनगर मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे भाजपा के प्रदेश कोषाध्यक्ष ओबीसी मोर्चा विजय जायसवाल एवं गीता जायसवाल की मां थीं।

## स्कूलों में भूखे रहकर पढ़ाई कर रहे नौनिहाल

# बढ़ती महंगाई और मात्र 66 रुपए की रोजी, ऐसे में कैसे चलेगा घर

दिलीप साहू ▶▶|निकुम

समय, बदला, सरकार बदली, लेकिन बीते 24वर्ष बीत जाने के बाद भी रसोइयों की तक़दीर बदली ना तस्वीर बदली है। महंगाई आसमान छू रही है और घर चलाना मुश्किल हो रहा है। आज भी इन रसोइयों को मात्र 66 रुपए प्रतिदिन के हिसाब से रुक रुक कर मानदेय मिलता है, इतनी सी छोटी राशि में घर कैसे चलाए, कई सवालिया निशान उठता है। फिर भी रसोईया संघ सरकार से सैकड़ों बार मिन्नते कर कर थक हार चुके हैं। इन दिनों हजारों की संख्या में रसोइए अपनी तीन सूत्रीय मांग को लेकर रायपुर में डटे हैं, लेकिन सप्ताह बीत जाने के बाद कोई भी सुध लेना वाले नही हैं। इधर सरकारी स्कूलों में किचन शेड में चूल्हा ठंडा पड़ा है, मिड डे नहीं मिलने से स्कूल में बच्चों को मानो उपवास रहकर पढ़ाई करना पड़ रहा है। वही बच्चों का सरकारी स्कूल में हाल बेहाल है। शिक्षा की गारंटी है न भोजन की गारंटी मिल रही हैं।



### दुर्ग जिले व ब्लॉक के स्कूल में किचन शेड में ताला

रसोईया संघ की प्रतिनिधि राजिम बाई ने बताया कि महंगाई बढ़ रही है लेकिन हमारा वेतन नहीं बढ़ रहा है. एक महीने में मात्र 2 हजार रुपये हमें मिल रहे हैं. न तो हम ठीक से राशन खरीद पाते हैं और न ही जीवन यापन ठीक से हो पा रहा है। बीते कई दिनों से पूरे छत्तीसगढ़ में रसोइया संघ ने सरकार से अपनी मांग पूरी करने को लेकर विरोध प्रदर्शन कर रहे है , वही स्कूल में जाकर समर्थन मांग रहे है।

### कुंभकरणीय नींद से जागे भाजपा सरकार -पूर्व मंत्री ताम्रध्वज

वही पूर्व गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू ने कहा भाजपा सत्ता में कुंभकरणीय नींद में है कोई वर्ग सरकार के ताना शाही रीति नीति से खुश नहीं है, किसान भी परेशान है, वही शासकीय स्कूलों में मिड डे मिल बंद हो रहे है, नौनिहाल बच्चों को पोषण आहार ही नहीं मिल रहा है वही रसोइयों का मानदेय बढ़ाए।

### रायपुर में हल्ला बोल

गौर हो कि तीन सूत्रीय मांगों को लेकर विरोध प्रदर्शन कर ने रायपुर में छत्तीसगढ़ रसोइया संघ के कर्मियों ने अपनी में तीन सूत्रीय मांगों को लेकर हल्ला बोला है। रसोइयों संघ दुर्ग जिला अध्यक्ष शकुन साहू ने बताया कि पूरे रसोईया संघ नाराज है। उनकी पहली मांग है कि सरकार हमारी मानदेय की राशि में 50 फीसदी की वृद्धि करे। दूसरी मांग यह है कि जब स्कूल में विद्यार्थियों की संख्या कम होती है तो हमें नौकरी से निकाल दिया जाता है,ऐसा न किया जाए। तीसरी मांग है कि 50 रुपये की रोजी से घर नहीं चल पाता है. इसलिए हमें कलेक्टर दर पर भुगतान दिया जाए। पदमिनी देशमुख का कहना है कि जब कोई मानदेय के विषय में पूछता है तो उस समय शर्म आती है. क्योंकि हमारा मानदेय 2 हजार रुपये महीना है। शांति यादव ने बताया कि छत्तीसगढ़ सरकार की तरफ से हमें चावल मुफ्त में मिल रहा है. लेकिन चावल के अलावा हमें सब्जी, गैस सिलेंडर, तेल और मसालों की खरीदी करनी पड़ती है. ऐसे में मात्र 2 हजार रुपये महीने में कैसे घर चलाएं। जिला पंचायत सदस्य आशा विक्की मिश्रा ने बताया कि रसोईया संघ ने समस्याएं बताई हैं। स्कूलों में मिड डे मिल बंद हो गया है और जिम्मेदार अधिकारी और नेता चुप्पी साध कर बैठे हैं।

### बच्चों को राहत दिलाने प्रयास रहेगा

विकास खंड दुर्ग शिक्षा अधिकारी विनोद शुक्ला ने बताया कि स्कूलो में मिड मिल रसोइयों के हड़ताल के कारण बंद हो रहा है। स्कूली बच्चों को राहत मिले प्रयास करेंगे।

## मुआवजा पाने भटक रहे किसान अब तक मिला सिर्फ आश्वासन



हरिभूमि न्यूज ▶▶|जामगांव आर

लोकनिर्माण विभाग जामगांव आर पाटन अधीनस्थ बटरेल धमना नवागांव सड़क निर्माण 2023 के दौरान 24 किसानों की खेत सड़क निर्माण में निकल गई और विभागीय आंकलन राशि 1 करोड़ रु से अधिक मुआवजा अभी तक नहीं मिला है। यह राशि अधिकारी और सरकार के कागजी भंवरजाल में फंसी हुई है। 3 साल से इन किसानों को सिर्फ आश्वासन मिल रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार 13 मार्च 2023 को 1 करोड़ 17 लाख रुपए मुआवजा राशि स्वीकृत होने की जानकारी किसानों को मिली थी। तीन किसानों को मुआवजा राशि कम लगी तो फिर नाप जोख चली। इसके बाद नए आंकलन के हिसाब से यह राशि 1 करोड़ 7 लाख रुपए का हिसाब 1 सितंबर 2025 को सामने आया। किसान अधिकारियों का इतना अधिक चक्कर लगा चुके है कि कम राशि आंकलन को ही उचित मान चुके हैं। लेकिन अधिकारियों का चक्कर आज पर्यंत जारी है। लोकनिर्माण एसडीओ पाटन से किसानों का एक प्रतिनिधि मंडल पाटन जाकर मिला और मुआवजे की दास्तां सुनाई। लेकिन यहां भी इन्हें सिर्फ आश्वासन ही मिला। अपनी खेत की जमीन पर बनी चमचमाती सड़क पर खड़े होकर किसान मुआवजा पाने दर दर भटकने पर अपने किस्मत को कोसने लगे है। किसानों ने कहा कि रोड तो अच्छी बन गई लेकिन मुआवजा मिलने में देरी होने से हमारी आर्थिक व्यवस्था बिगड़ने लगी है। किसानों ने बताया कि लोकनिर्माण विभाग एसडीएम कलेक्टर सभी को अपनी दर्द सुना चुके है। सभी से आश्वासन का मीठा घूंट पीकर घर लौट जाते है। न जाने शासन प्रशासन के इस भंवरजाल से मुक्ति मिलेगी। फिलहाल निराशा के चक्रव्यूह में किसान फंसे हुए है।

### एसडीएम से फाइल आगे बढ़ चुकी

एसडीएम लव कुश ध्रुव ने बताया कि एसडीएम कार्यालय में संबंधित कोई भी प्रकरण लंबित नहीं है उच्च स्तर पर प्रेषित की जा चुकी है। वहीं लोकनिर्माण एसडीओ सोनल धालेंद्र ने बताया कि शासन तक फाइल पहुंच चुकी है। अंतिम दौर में प्रक्रिया है पूर्ण होते ही शीघ्र मुआवजा मिल जाएगा।

### अभिनेत्री सोनाली ने की बच्चों से बात, मिली प्रेरणा



**जामगांव आर।** अभिनेत्री सोनाली कुलकर्णी की विनोबा एप टीम में कुम्हली शासकीय प्राथमिक शाला के हेडमास्टर छन्नूलाल साहू को मूलभूत भारतीय संस्कृति से बच्चों को ओतप्रोत कराते हुए आधुनिक शिक्षा को समावेश कराने के नायाब तरीकों के कारण शामिल होने का अवसर मिला। विदित हो कि दुर्ग जिले से मात्र तीन और छत्तीसगढ़ से कुल 20 शिक्षकों का चयन हुआ था। इस उपलब्धि पर कुम्हली मिडिल प्राथमिक स्कूल में सम्मान समारोह आयोजित एप टीम के प्रतिनिधियो ने श्री साहू को सम्मानित किया। हेडमास्टर छन्नूलाल साहू ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि शिक्षक यू ही राष्ट्र निर्माता के पद को सुशोभित नहीं कर सकता जब तक वह अतीत के आईने में वर्तमान को पिरोकर शिष्यों की भविष्य संवारने की क्षमता अपने अंदर विकसित नहीं कर सकता। इस अवसर पर मिडिल हेडमास्टर प्रभा सिंह, विकास खंड शिक्षा अधिकारी डालेन्द्र देवांगन सहित अन्य लोगों ने उन्हें बधाई दी।

## गांधी विद्यापीठ राधिका नगर में वार्षिक उत्सव उत्कर्ष का आयोजन धूमधाम से सम्पन्न

**भिलाई।** राधिका नगर शिक्षक समिति द्वारा संचालितगाँधी विद्या पीठ इंगलिश मिडियम स्कूल में वार्षिक उत्सव का गरिमामयी कार्यक्रम आदरणीय श्री रिकेश सेन जी,विधायक वैशाली नगर, भिलाई के मुख्य-आतित्थय में आयोजित किया गया।कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में श्री राजपाल अरोरा जी एवं श्री संजय भौमिक जी उपस्थित थे।संस्था के अध्यक्ष श्री सुरेश कुमार जी ने अतिथियों एवं पालकों का अभिवादन करते हुए कहा कि यह संस्था आप सभी के सहयोग एवं आशीर्वाद से उत्कृष्ट शिक्षा एवं उत्कृष्ट परिणाम प्रदान करते हुए उत्तरोत्तर प्रगति की ओर अग्रसर है। इसी का परिणाम है कि गांधी विद्यापीठ के छात्र कक्षा 12वीं में जिला स्तरीय प्रवीण सूची में छठवा स्थान प्राप्त किया तथा बहुत सारे विद्यार्थी केंद्रीय स्तर पर ओलंपियाड परीक्षा 2025 की प्रवीण सूची में स्थान प्राप्त की किए हैं मुख्य अतिथि श्री रिकेश सेन जी ने अपने आशीर्वचन में कहा कि गाँधी विद्या पीठ एक ऐसी संस्था है गुणवत्ता की शिक्षा प्रदान करती है । कोविड काल में कई प्राइवेट स्कूल बंद हुए गांधी विद्यापीठ के गुणवत्ता के कारण निरंतर प्रगति पर इस अवसर पर विधायक जी ने वैशाली नगर क्षेत्र की जनता के लिए प्रारंभ किया गया सेवाओं के बारे में जानकारी दी राम रसोई प्रारंभ कराया गया है चिकित्सा सुविधा के लिए 1 में एक्स रे की सुविधा वैशाली नगर वासियों को प्रदान की जा रही है। विशिष्ट अतिथि श्री संजय भौमिक जी ने जानकारी दिए यह विद्यालय 93 में पांच बच्चों से प्रारंभ हुआ था आज भाव विद्यालय के रूप में बदल गया है यह विद्यालय की अच्छी गुणवत्ता तथा राधिका नगर शिक्षण समिति के सदस्यों व कार्यकारिणी पदाधिकारीगण कि मेहनत के कारण ही संभव हो सकता है अतिथियों के संबोधन के बाद वार्षिक उत्सव का रंगारंग कार्यक्रम प्रारंभ हुआ



कार्यक्रम की शुरुआत श्री गणेश वंदना के पश्चात नर्सरी के नन्हे कलाकारों की अठखेलियों से हुयी।सभी कक्षाओं के बच्चों ने अपने उत्कृष्ट कला का प्रदर्शन कर सबका मन मोह लिया। वार्षिक उत्सव के इस बगिया को विभिन्न प्रांत के विभिन्न लोकगीत लोक संगीत एवं लोक नृत्य रूपी विभिन्न पुष्पों से सुसज्जित किया गया था। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ नेटबाल संगठन के उपाध्यक्ष डॉ रमेश श्रीवास्तव तथा सद्भावना समिति के अध्यक्ष श्री राकेश ओझा तथा शिव मंदिर समिति के अध्यक्ष श्री एसपी राय वरिष्ठ नागरिक कल्याण समिति के अध्यक्ष श्री सुधाकर फूल माली जी शासकीय विद्यालय की प्राचार्य श्रीमती रतना सिंहा जी प्रधान पाठिका सेजस बालाजी नगर अमृतांजलि सिंह, श्रीमती मीनू लाल जी उर्मिला यादव सेवानिवृत्ति प्रधान पाठक श्री रमेश विश्वकर्मा भिलाई स्टील प्लांट से सेवा निवत अधिकारी नरेश मेश्राम जी स्टेट बैंक के पूर्व अधिकारी श्री के पटेल जी उपस्थित थे कार्यक्रम का समापन सचिव श्री बलवीर सिंह द्वारा अभार प्रदर्शन के साथ हुआ। कार्यक्रम का संचालन चन्द्र शेखर परगनिहा कोषाध्यक्ष, श्रीमती रिशिका चटर्जी,सुश्री अमरीन सिद्धिकी द्वारा किया गया।


## बिजनेस साइट

### ओम ज्वेलर्स में आकर्षक उपहार एवं डिस्काउंट

**भिलाई।** पूरे शहर के हृदय स्थल में स्थित इंदिरा मार्केट दुर्ग, शॉप नंबर 64बी, प्रिया श्रृंगार सदन के सामने अपने भव्य शोरूम रेड एंड व्हाइट कलर के लिए जाना-माना सुप्रसिद्ध शॉप ओम ज्वेलर्स में विशेष डिस्काउंट एवं विशेष छूट अपने सभी कस्टमर को दिया जा रहा है। जहां आपको एडवांस बुकिंग करने पर तत्काल जितना ग्राम सोना उतना ग्राम चांदी फ्री एवं शादी के गहनो की शॉपिंग पर डिस्काउंट के साथ इंपोर्टेड वॉच एवं इंपोर्टेड टूरिस्ट बैग हैंड बैग तत्काल प्रदान की जाती है। श्री ओम ज्वेलर्स के संचालक सोनी ने बताया कि विश्वास व विश्वसनियता का प्रतीक ओम ज्वेलर्स में आपार कस्टमर के पधारने के लिए धन्यवाद दिया। हमारी शॉप में टोटल हॉलमार्क गहने जिसमे 6 अंकों का huid कोड ही जेवर उपलब्ध होती है जो 100% विश्वनीयता पर खरा रहती है ।100% वापसी के साथ दिया जाता है वापसी करने पर काट छाट नहीं होती। पूरे क्षेत्र में सबसे कम मेकिंग चार्ज पर गहने प्रदान की जाती है। हमारी शॉप में कम कीमत से अधिक कीमत की गहने उपलब्ध हैं जिसमें हर



फैमिली के बजट अनुरूप गहने उपलब्ध मिलती है। जहां सोने का हार चोकर नेकलेस 5 ग्राम से स्टार्ट है सोने की अंगूठी, झुमका, ऐयरिंग, डबल कुंडा, फैंसी लॉकेट, मंगलसूत्र, टॉप्स 2 ग्राम से शुरू है। हमारे शॉप में 916 हॉलमार्क 833 हॉलमार्क 750 हॉलमार्क के गहने उपलब्ध हैं एवं चांदी में डायमंड सेट हार सेट 925 के सिल्वर बैंकॉक के इंपोर्टेंट वॉच न्यू डिजाइन उपलब्ध है। साथ ही पायलों की विस्तृत रेंज जैसे नई वैरायटी के करधन, पायल, बैंगल्स, हाथ फूल, बिछिया, चैन, लॉकेट की एक से बढ़कर एक वैरायटी उपलब्ध है। हमारे शॉप में टोटल ओपन डिस्प्ले होने की वजह से मनपसंद गहने खरीदने में सुविधा होती है। सभी प्रकार के चेक ऑल एटीएम एवं क्रेडिट कार्ड डेबिट कार्ड एक्सेप्ट की सुविधा प्रदान की जाती है साथ ही ख़रीदे गये ज़ेवर की घर पहुंच पेमेंट की सुविधा उपलब्ध है व किसी भी गहने की तत्काल रिपेरिंग सुविधा है। आशा है बेहतर से बेहतरीन डिजाइन लेने के लिए ओम ज्वैलर्स अवश्य पधारे।


## एसडीएम पाटन को सौंपा गया ज्ञापन, एक सप्ताह में मूल्य तय नहीं हुआ तो तालाबंदी की चेतावनी

# रिलायंस बायोगैस प्लांट पर किसानों के पैरा को लेकर बढ़ा विवाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶|पाटन

ग्राम जामगांव एम स्थित रिलायंस इंडस्ट्रीज के बायोगैस प्लांट द्वारा किसानों से पैरा मुफ्त में उठाए जाने का मामला सामने आया है। इसे लेकर स्थानीय किसानों में भारी आक्रोश व्याप्त है। किसानों का आरोप है कि रिलायंस इंडस्ट्रीज किसानों से बिना भुगतान के पैरा लेकर उसका उपयोग गैस निर्माण में कर रही है और मुनाफा कमा रही है, जो किसानों के साथ सीधा अन्याय है।



इस संबंध में पूर्व अध्यक्ष भाजपा उत्तर मंडल पाटन लोकमणि चंद्राकर के नेतृत्व में किसानों ने अनुविभागीय अधिकारी एसडीएम पाटन को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया गया कि किसान कड़ी मेहनत से धान की फसल उगाता है और धान कटाई के बाद पैरा का उपयोग पशुओं के चारे के रूप में किया जाता है। बायोगैस प्लांट की स्थापना के बाद किसानों को उम्मीद थी कि पैरा का भी उचित मूल्य मिलेगा, लेकिन कंपनी द्वारा पैरा मुफ्त में उठाया जाना किसानों के साथ धोखा है।

किसानों ने मांग की है कि पैरा का उचित मूल्य एक सप्ताह के भीतर निर्धारित किया जाए। चेतावनी दी गई है कि यदि तय समय सीमा में किसानों को न्याय नहीं मिला तो आठवें दिन बायोगैस प्लांट में तालाबंदी की जाएगी। किसानों ने स्पष्ट कहा कि किसी भी कीमत पर उनका शोषण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। ज्ञापन सौंपने के दौरान बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे और प्रशासन से शीघ्र कार्रवाई की मांग की। इस अवसर पर उत्तर पाटन के पूर्व मंडल अध्यक्ष लोकमनी चंद्राकर, मध्य पाटन मंडल पूर्व मंडल अध्यक्ष खेमलाल साहू,उपाध्यक्ष जिला भाजपा दुर्ग हर्षा चंद्राकर जय नारायण वर्मा,दुष्यंत शर्मा,राजू साहू सरपंच, महेद्र वर्मा, कृष्णा हरबंश सरपंच, हरि शंकर साहू कमलनारायण वर्मा, रमाकांत यादव, लीलाराम चंद्राकर,हेमंत कुमार सेन,राकेश चंद्राकर,चंचल यादव,अखिल चंद्राकर,तोरण नेताम, राकेश कुमार साहू सरपंच, मनीष कोसले प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

### दो दिवसीय श्री रामचरित मानस गान सम्मेलन 10 से

**अंडा।** ग्राम परसदा (डंगनिया), विकासखंड गुण्डरदेही, जिला बालोद (छत्तीसगढ़) में 10 एवं 11 जनवरी को दो दिवसीय श्री रामचरित मानस गान सम्मेलन रखा गया है। 10 जनवरी शनिवार को सुबह 10 बजे कार्यक्रम की शुरुआत देवपूजन एवं मानस वंदना के साथ होगी। मुख्य अतिथि कांति सोनेश्वरी (सदस्य, जिला पंचायत बालोद) होंगे। अध्यक्षता कुलदीप साहू (अध्यक्ष, भारतीय जनता पार्टी मंडल ओटेबंद) करेंगे और विशेष अतिथि गुलशन हिरवानी (सदस्य, जनपद पंचायत गुण्डरदेही) होंगे। 11 जनवरी को रात्रि 9 बजे मुख्य अतिथि तारणी चंद्राकर (अध्यक्ष, जिला पंचायत बालोद) होंगे। अध्यक्षता पुरुषोत्तम चंद्राकर (अध्यक्ष, जनपद पंचायत गुण्डरदेही) करेंगे।


जगजीवन आयुर्वेद



धातु की कमी, नामर्दी उत्तेजना की कमी, लिंग में छोटापन, ढीलापन, पतलापन, टाईमिंग की कमी, शुगर से सेक्स में कमी, शुक्राणु की कमी संतान न होना, आदि सभी गुप्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति से इलाज किया जाता है.

आज ही गारंटी से इलाज कराएँ.

शॉप नं. C11, महालक्ष्मी मार्केट, टॉकीज के नीचे, पुलगाँव चौक, दुर्ग
मो. 7869433660, 9399486858


### मुकदमें के फैसले के बारे में समन्स

(व्यवहार प्रक्रिया संहित, आदेश 5 नियम 1 और 5)

वाद क्रमांक 246/A/2025 सन् 2018

न्यायालय-रवि कुमार महोबिया, प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी दुर्ग, न्यायालय के प्रथम अतिरिक्त न्यायाधीश, दुर्ग, जिला-दुर्ग (छ.ग.), आवेदक-रितेश मेहरा व अन्य अनावेदक, मनराखन व अन्य, बनाम-आम जनता जिनका भी संबंध हो।

क्योंकि वादी / आवेदक ने आपके विरुद्ध दावा वास्ते घोषणा एवं स्थायी निषेधाज्ञा का वाद प्रस्तुत किया है, आपको इस समंस द्वारा आदेशित किया जाता है कि आप इस न्यायालय में पेशी दिनांक 23 -माह 02-सन-2026 को सुबह 11 बजे स्वयं या ऐसे किसी प्लीडर। अधिवक्ता द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक् अनुदेश दिये गये हों और जो इस वाद से संबंधित सभी सारवान प्रश्नों का उत्तर दे सके या जिसके साथ ऐसा कोई व्यक्ति हो जो ऐस सब प्रश्नों का उत्तर दे सकें। आपको यह निर्देश दिया है कि आप उस दिनांक को अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसी सब दस्तावेजों जो आपके अभिरक्षा या शक्तियों में है, पेश करें जिन पर आपकी प्रतिरक्षा या प्रतिदावा आधारित है और आप यदि किसी अन्य दस्तावेज समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते हैं, तो आप ऐसे दस्तावेजों की, लिखित कथन के साथ उपावन जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें।

आपको सूचित किया जाता है कि आप उक्त बतायी गई तिथि को इस न्यायालय में उपसंजात नहीं होंगे तो वाद की सुनवाई और निराकरण आपकी अनुपस्थिति में किया जावेगा।

आज दिनांक : 31/12/2025

रवि कुमार महोबिया
प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी दुर्ग
न्यायालय के प्रथम अतिरिक्त न्यायाधीश
मुहर दुर्ग, जिला- दुर्ग (छ.ग.)

# शास्त्री नगर में 40 परिवारों को नोटिस के बाद कार्रवाई की तैयारी, सर्विस लेन भी बनेगा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिलाई

नगर पालिक निगम भिलाई जोन 2 वैशाली नगर अंतर्गत निर्माणाधीन सर्विस रोड, उद्यान, वाटर एटीएम, अवैध कब्जा, जर्जर स्कूल एवं भवन सहित मुक्तिधाम तालाब का सघन निरीक्षण आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय द्वारा वार्ड पार्षद लक्ष्मी साहू के उपस्थिति में किया गया। निगम आयुक्त एवं जोन आयुक्त येशा लहरे द्वारा साक्षरता चौंक से पावर हाउस तक निर्माणाधीन नाली एवं प्रस्तावित सर्विस रोड का अवलोकन किया गया। शास्त्री नगर में नाला के किनारे 40 परिवारों द्वारा अतिक्रमण कर निवास किया जा रहा है। जिन्हे पूर्व में स्वयं से अतिक्रमण हटाने नोटिस भी दिया गया है। स्वयं से अतिक्रमण नहीं हटाने पर निगम द्वारा कब्जा हटाने की कार्यवाही की जाएगी।

पूर्व से बने सड़क जर्जर हो जाने के कारण नागरिको को असुविधा हो रही थी और दुर्घटना की संभावना बनी थी। जिसे देखते हुए नवीन सड़क का निर्माण कराया जा रहा है। सड़क के बनने से आम नागरिको को सुविधा मिलेगी। तीनदर्शन मंदिर के पास निर्मित उद्यान का निरीक्षण करते हुए उद्यान के भीतर पाथवे, खेल सामग्री एवं अन्य आवश्यक संधारण कराने जोन के अधिकारियों को निर्देशित किये है। उद्यान के संधारण हो जाने से वरिष्ठजनों को समय बिताने के साथ बच्चों को मनोरंजन के साधन उपलब्ध होगें। 18 नंबर रोड नेहरू चौंक के पास नागरिको के पीने हेतु शुद्ध पेयजल के लिए वाटर एटीएम स्थापित किया गया है जिसका निरीक्षण आयुक्त द्वारा किया गया। वर्तमान में वाटर एटीएम चालू है, नागरिक शुद्ध पेयजल का लाभ उठा रहे है।

## आयुक्त ने किया सर्विस रोड, उद्यान, वाटर एटीम व स्कूल का निरीक्षण



### 40 लोगों के अवैध कब्जे हटाने की कार्रवाई

शास्त्री नगर में नाला के किनारे 40 परिवारों द्वारा अतिक्रमण कर निवास किया जा रहा है। निगम द्वारा कब्जा हटाने की कार्यवाही की जावेगी। समीपस्थ बीएसपी स्कूल एवं कार्यक्रम के लिए हॉल पूर्व से निर्मित है, जो पुराने होने के साथ जर्जर हो गये है। जर्जर स्कूल एवं भवन को ध्वस्त कर पीएम आवास निर्माण के लिए बीएसपी से पत्राचार करने निर्देशित किये हैं। कर्मा भवन मार्ग वार्ड क्रं. 27 मोहल्ले में एक स्थानीय नागरिक द्वारा सड़क का पानी घर में न आये इसलिए सड़क बाधा कर घेरा कर दिया गया है, जिसे हटाने कहा गया है। समीपस्थ वार्ड वासियों द्वारा पानी का प्रेशर कम आता है इसलिए घरो के सामने गढढे कर रखे है। प्रेशर की जांच कराकर ठीक कराने कहा गया है।

### तालाब का पानी खाली कराने कहा

आयुक्त द्वारा रामनगर मुक्तिधाम तालाब का निरीक्षण किया गया। तालाब के पानी को खाली कर सौंदर्यीकरण किया जाना है, ततपश्चात नहर का साफ पानी भरा जायेगा। पानी को खाली कराकर मलवे को साफ कराने कहा गया है। साथ ही तालाब के बगल में जर्जर भवन है जो पूर्ण रूप से खण्डहर हो गया है। जर्जर भवन को छतिग्रस्त कर समतलीकरण कराने निर्देशित किये है। निरीक्षण के दौरान कार्यपालन अभियंता अरविंद शर्मा, सहायक अभियंता अर्पित बंजारे, उप अभियंता चंदन निर्मलकर, सहायक राजस्व अधिकारी शरद दुबे, पार्षद प्रतिनिधि अरविंद राय, पूर्व पार्षद जोहन सिन्हा, जोन स्वास्थ्य अधिकारी शंकर सहानी, स्वच्छता निरीक्षक अंजनी सिंह सहित अन्य कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप



### जर्जर ट्रांसफार्मर से लोगों को जान का खतरा

**भिलाई।** वार्ड 40 छावनी बिजली नगर में तालाब के किनारे रोड से लगे हुए ट्रांसफार्मर जर्जर हालत में है। कभी भी लोग दुर्घटना के शिकार हो रहे हैं। इसे लेकर क्षेत्र की महिलाओं के साथ बिजली विभाग के अधिकारियों ने स्थल निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान लोगों ने बताया कि उक्त ट्रांसफार्मर की नींव पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो चुकी है। आंधी-तूफान के समय इसके गिरने की पूरी संभावना बनी हुई है, जिससे आम नागरिकों की जान-माल को गंभीर खतरा है। बिजली विभाग के अधिकारियों द्वारा समस्या को गंभीरता से लेते हुए एक सप्ताह के भीतर ट्रांसफार्मर हटाने का आश्वासन दिया गया है।

### परिवहन विभाग की मनमानी रोकें



**भिलाई।** छत्तीसगढ़ ट्रक ट्रेलर ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन के प्रांतीयअध्यक्ष प्रभुनाथ बैठा के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ के प्रमुख संगठन छत्तीसगढ़ ट्रक ट्रेलर ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन, भिलाई ट्रक ट्रेलर ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन, दुर्ग ट्रक मालिक संघ, राजनांदगांव ट्रक मालिक संघ, राजहरा परिवहन संघ, बस्तर कोरापुट परिवहन संघ,भानु प्रतापपुर परिवहन संघ, छत्तीसगढ़ सीमेंट वेलफेयर ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन, छत्तीसगढ़ बलकर ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन ने लंबित मांगों को लेकर जनदर्शन में कलेक्टर दुर्ग से मुलाकात की। परिवहन विभाग में हो रहे मनमानी को लेकर अपनी 12 सूत्रीय मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपकर जल्द निराकरण की मांग की गई। प्रतिनिधि मंडल में छग ट्रक ट्रेलर ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन प्रदेश अध्यक्ष प्रभुनाथ बैठा, कार्यकारी अध्यक्ष जसवंत सिंह सैनी, महासचिव हरेंद्र यादव कार्यकारिणी सदस्य इंद्रजीत सिंह सैनी,हरनेक सिंह सैनी ,रामदास शर्मा कानूनी सलाहकार सुखवंत सिंह, दुर्ग ट्रक मालिक संघ के अध्यक्ष राजा भैया , सोडी जी मनोज कुमार राय के साथ भारीसख्या मे लोग उपस्थित थे।

### सिंटर प्लांट्स 2 व 3 ने रचा उत्पादन का कीर्तिमान

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के सिंटर प्लांट्स 2 और सिंटर प्लांट्स 3 ने 28,250 टन दैनिक सिंटर उत्पादन कर नया कीर्तिमान स्थापित किया। इससे पूर्व का सर्वोत्तम रिकॉर्ड 28,212 टन का दर्ज किया गया था। कार्यपालक निदेशक राकेश कुमार व मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी तापस दासगुप्ता सहित संयंत्र के वरिष्ठ अधिकारियों ने विभागीय कर्मियों का हौसला बढ़ाया। विभागाध्यक्ष एवं महाप्रबंधक प्रभारी (सिंटर प्लांट्स–2) श्री जगेंद्र कुमार तथा महाप्रबंधक प्रभारी (सिंटर प्लांट्स–3) श्री राहुल बिजुरकर के नेतृत्व में हासिल की गई। इसमें महाप्रबंधक बेडेकर व एमएम अनीस सहित टीम का योगदान रहा।

## सेवानिवृत्त बीएसपी कार्मिक संघ ने की जल्द निदान की मांग

# सैकड़ों रिटेंशनधारियों को बंधी उम्मीद सांसद विजय ने कहा नहीं होने देंगे बेघर

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिलाई

आवासीय समस्या से जूझ रहे अपने पसीने से भिलाई इस्पात संयंत्र को सेल का सबसे बड़ा इस्पात संयंत्र बनाने वाले टाउनशिप के सैकड़ों सेवानिवृत्त कर्मचारियों फिर एक बार उम्मीद बंधी है। उन्हें दुर्ग के सांसद विजय बघेल ने प्रबंधन से चर्चा होने और जल्द समस्या के निदान होने का भरोसा दिलाया है। पूर्व केबिनेट मंत्री प्रेमप्रकाश पांडेय ने सांसद के साथ मिलकर प्रयास होने की उम्मीद बंधाई है।

उल्लेखनीय है कि बीएसपी प्रबंधन द्वारा रिटेंशनधारियों के आवासों का करीबन चौबीस गुना किराया बढ़ा दिया है। इस कारण बीएसपी आवासों में रिटेंशन पर निवास करने वाले सैकड़ों आवासधारियों को सड़क पर आने की नौबत आ गई है। रिटायर कर्मियों व परिवारों में चिंता व असंतोष बढ़ रहा है। सेवानिवृत्त बीएसपी कार्मिक संघ के बैनर तले रिटेंशनधारियों ने अध्यक्ष सुरेशचंद के साथ बुधवार को दुर्ग के सांसद विजय बघेल और पूर्व छग के पूर्व स्पीकर प्रेमप्रकाश पांडेय से निवास पर मिलकर किराया राशि बढ़ने से परेशानी बताते हुए बीएसपी प्रबंधन व दिल्ली स्तर पर इस्पात मंत्री व पीएम से बातकर जल्द राहत दिलाने की गुहार की। रिटेंशनधारियों ने दोनों जन प्रतिनिधियों को बताया कि रिटेंशनधारियों के मकान का 71 हजार,18 हजार बिल आ रहा है। इतनी बड़ी राशि कहां से और कैसे पटाएंगे। उन्होंने गुहार की कि जल्द प्रबंधन से चर्चा कर समस्या का निराकरण कराएं। संघ के पी मोहन राव ने बताया कि श्री बघेल ने आश्वस्त किया कि समस्या को लेकर बीएसपी प्रबंधन से बात हुई है,धीरज रखें जल्द निदान होगा। स्वस्थ होते ही प्रयास तेज करेंगे। वहीं श्री पांडेय ने भी भरोसा दिलाया कि रिटेंशन मामले में आपके व सांसद के साथ खड़े है, प्रयास जारी है।

### पूर्व केबिनेट मंत्री पांडेय ने भी बंधाई उम्मीद



### स्थाई निदान तक संघर्ष जारी

रिटेंशन समस्या को लेकर चौदह सौ रिटेंशधारियों ने समस्या के जल्द निदान के लिए दोतरफा दबाव बढ़ाना तेज कर दिया है। वे एक ओर सांसद से मिलकर प्रबंधन और सरकार पर समस्या के निदान के लिए दबाव बना रहे हैं वहीं दूसरी ओर विपक्ष के जरिए भी प्रयास कर रहे हैं। इस मामले को लेकर 3, 4,5 व 6 दिसंबर को भिलाई नगर के विधायक देवेंद्र यादव ने यूनियनों व विभिन्न संगठनों के समर्थन से आमरण अनशन किया था। प्रबंधन से हुई चर्चा में सेक्टर नौ हास्पिटल, मैत्रीबाग व बीएसपी स्कूलों के निजीकरण नहीं करने की मांग पर तो सहमति बनी लेकिन रिटेंशन पर हल नहीं निकलने पर संघर्ष जारी रखने का ऐलान किया गया था। रिटंशनधारी संघर्ष समिति के अध्यक्ष व विधायक प्रतिनिधि राजेंद्र परगनिहा ने बताया कि रिटेंशन मामले में स्थाई समाधान तक हमारा संघर्ष जारी रहेगा। लड़ाई तेज होगी। राज्य सरकार की जमीन पर बने बीएसपी आवासों से रिटेंशनधारी आवासधारियों को हटाने नही देंगे।

# मेक इन इंडिया और लोकल फॉर वोकल जैसे अभियानों से भारत मजबूत राष्ट्र के रूप में उभर रहा



हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिलाई

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में चल रहे आत्मनिर्भर भारत अभियान की भावना को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से चरोदा निगम और जामुल पालिका क्षेत्र में आत्मनिर्भरता विषय पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सांसद विजय बघेल, जिला अध्यक्ष पुरुषोत्तम देवांगन, कार्यक्रम की प्रभारी चंद्रकांता मंडाले और सह प्रभारी महिला मोर्चा अध्यक्ष स्वीटी कौशिक, पूर्व जिला अध्यक्ष बृजेश बीजपुरिया,जामुल नगर पालिका अध्यक्ष ईश्वर सिंह ठाकुर सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, निगम अधिकारी और सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित थे।

- चरोदा और जामुल नगर पालिका में जागरुकता कार्यक्रम

सांसद विजय बघेल ने कहा कि आत्मनिर्भर भारत अभियान ने उत्पादन, उद्योग, कृषि और नवाचार के क्षेत्र में नई संभावनाओं के द्वार खोले हैं। आज भारत रक्षा क्षेत्र में स्वदेशी निर्माण को बढ़ावा देकर आयात पर निर्भरता कम कर रहा है और निर्यात की दिशा में आगे बढ़ रहा है। आत्मनिर्भर भारत का अर्थ है स्थानीय उद्योगों को सशक्त करना, युवाओं को रोजगार देना और देश की आर्थिक नींव को मजबूत करना। मेक इन इंडिया और लोकल फॉर वोकल जैसे अभियानों से भारत वैश्विक मंच पर एक मजबूत राष्ट्र के रूप में उभर रहा है। जिला अध्यक्ष पुरुषोत्तम देवांगन ने कहा कि मुख्यमंत्री व प्रधानमंत्री के रूप में बिना थके, बिना रुके, बिना डिगे आपकी कई वर्षों की लोक साधना में आस्था, अस्मिता, आधुनिकता, अंत्योदय और अर्थव्यवस्था को संरक्षण और संवर्धन मिलने के साथ ही हर स्तर पर वंचित को वरीयता प्राप्त हुई है। उनका जीवन लोकतंत्र की जीवंत पाठशाला है। जिला उपाध्यक्ष एवं कार्यक्रम की प्रभारी चंद्रकांता मंडाले ने बताया गया कि लोकल फॉर वोकल का उद्देश्य स्थानीय कारीगरों, लघु उद्योगों और स्वदेशी उत्पादों को बाजार उपलब्ध कराना है, जिससे रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे और भारत आत्मनिर्भरता की दिशा में और मजबूत होगा। उपस्थित जनसमूह से अपील की गई कि वे दैनिक उपयोग की वस्तुओं में स्थानीय उत्पादों को प्राथमिकता दें और मेड इन इंडिया को बढ़ावा दें।

# बीएसपी में एस्क्रो अकाउंड प्रणाली, श्रमिकों को जल्द समय पर व सही वेतन मिलेगा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र में ठेका श्रमिकों के आर्थिक अधिकारों की रक्षा और हितों के लिए सीडीएस व्यवस्था लागू किया गया है। हर विभाग में फेशियल रिकग्निशन आधारित बायोमेट्रिक मशीनें स्थापित की गई हैं। नियमित कर्मचारियों की तरह ठेका श्रमिक स्वयं अपनी हाजरी दर्ज करता है। इससे मैन्युअल हस्तक्षेप की गुंजाइश समाप्त हो जाती है। यही उपस्थिति डेटा सरकार द्वारा निर्धारित उपस्थिति रजिस्टर का आधार है।

- ठेका मजदूरों के अधिकारों की रक्षा के लिए प्रबंधन की पहल

श्रमिकों के लिए फॉर्म बी यानी सरकार के वेतन रजिस्टर है, उसमें न्यूनतम वेतन, भत्ते और भुगतान का पूरा विवरण दर्ज किया जाता है। बीएसपी प्रबंधन के मुताबिक किसी भी श्रमिक को तय मानकों से कम वेतन न मिले और पारदर्शिता बनी रह ठेकेदार का कोई भी बिल तब तक क्लियर नहीं किया जाता, जब तक यह सत्यापित न हो जाए कि श्रमिकों को पूरा वेतन भुगतान किया गया है और उनका भविष्य निधि व ईएसआईसी का योगदान ठेकेदार द्वारा जमा किया गया है।

### वेतन भुगतान व्यवस्था होगी मजबूत

श्रमिकों के लिए वेतन भुगतान व्यवस्था को और अधिक मजबूत के लिए एस्क्रो अकाउंट प्रणाली प्रक्रियाधीन है। इससे ठेका श्रमिकों को सही समय पर सही वेतन भुगतान सुनिश्चित किया जा सकेगा । श्रमिक की मृत्यु होने पर उसके परिवार के एक पात्र सदस्य को बीएसपी में नियमित नौकरी देने की नीति है। इसके अतिरिक्त प्रत्येक ठेका श्रमिक को 10 लाख का कंपलसरी जीपीएआईएस दुर्घटना बीमा कवर प्रदान किया गया है। श्रमिकों के मेधावी बच्चों को 5,000 रुपए से 10,000 तक की छात्रवृत्ति दी जाती है।

# आयुक्त पांडेय ने किया वार्ड 33 संतोषीपारा का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिलाई



नगर पालिक निगम भिलाई जोन-3 अंतर्गत अवैध ब्रेकर, सार्वजनिक नल, पाईप लाइन लिकेज, जर्जर दुकान सहित सार्वजनिक शौचालय का औचक निरीक्षण आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय द्वारा वार्ड पार्षद एन शैलजा के उपस्थिति में किया गया।

निगम आयुक्त एवं जोन आयुक्त कुलदीप गुप्ता द्वारा वार्ड 33 संतोषी पारा के चौंक-चौराहो पर बने अवैध ब्रेकर का जायजा लिया। सड़कों के बीच से अवैध ब्रेकर को जल्द ही हटाने निर्देशित किये है। साथ ही वार्ड में पेयजल हेतु बिछाये गये पाईप लाइन का अवलोकन किया। सभी पाईप लाईन लिकेज की जांच कर जल्द से जल्द ठीक कराने कहा गया है। वार्ड में निर्मित ग्राउण्ड के भीतर निर्माणाधीन डोम शेड, फुटपाथ, बाउण्ड्रीवाल एवं समतलीकरण के कार्य का निरीक्षण किया। नागरिकों एवं बच्चो की सुविधा को देखते हुए निर्माण कार्य शीध्र पूर्ण कराने कहा गया है। मुख्यमंत्री स्वावलंबन योजना के तहत दुकानों का निर्माण किया गया है, जिसमें नागरिको द्वारा अवैध कब्जा कर निवास किया जा रहा है। आयुक्त ने नागरिको से चर्चा कर अपील की है कि जल्द ही कब्जा खाली कर प्रधानमंत्री आवास योजना के आवास हेतु आवेदन जमा कर विस्थापन की प्रक्रिया कर लेवें। आयुक्त ने नागरिकों की सुविधा के लिए बनाने गये सार्वजनिक शौचालय का अवलोकन किया। शहर के सभी सार्वजनिक शौचालय का शीघ्र संधारण कराने निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान सहायक अभियंता नितेश मेश्राम, उप अभियंता दीपक देवांगन, अशोक देवांगन, सहायक राजस्व अधिकारी बसंत देवांगन, जोन स्वास्थ्य अधिकारी बीरेन्द्र बंजारे आदि उपस्थित थे।

## जोन आयुक्तों और विभाग प्रमुखों की बैठक में आयुक्त का सख्त रवैया

# आय बढ़ाने और जनसुविधाओं को दुरुस्त करेगा निगम

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिलाई

नगर पालिक निगम भिलाई के आयुक्त राजीव कुमार पांडेय ने बुधवार निगम सभागार में विभाग प्रमुखों और जोन आयुक्तों की एक विशेष समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में आयुक्त ने राजस्व वसूली और शहर की बुनियादी सुविधाओं, विशेषकर पेयजल और प्रकाश व्यवस्था को लेकर कड़े निर्देश जारी किए। आयुक्त ने कहा कि राजस्व वसूली में ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। निगम की संपत्तियों (दुकानों) से विधिवत किराया वसूली सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि जो भूखंड या आवास स्वामी लंबे समय से संपत्ति कर जमा नहीं कर रहे हैं, उनके विरुद्ध नियमानुसार कड़ी कार्रवाई की जाए।



### पाइप लाइन व पानी टंकियों की तकनीकी समस्या दूर करें

आयुक्त पांडेय ने शहर की पेयजल व्यवस्था को लेकर आयुक्त ने कार्यपालन अभियंता सुनील जैन को निर्देशित किया कि पाइपलाइन और पानी टंकियों में आ रही किसी भी तकनीकी समस्या का तत्काल निराकरण करें। शहर के उच्च क्षमता वाले पुराने पानी टंकियों के मरम्मत हेतु विशेषज्ञ टीम से मरम्मत करवाने का निर्देश निगम आयुक्त दिए हैं। उन्होंने सभी जोन आयुक्तों को सख्त हिदायत दी कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में पेयजल, प्रकाश व्यवस्था और सुगम आवागमन जैसी मूलभूत लोक सुविधाओं को प्राथमिकता दें। अति आवश्यक एवं जन सुविधाओं के कार्य में विलम्ब ना किया जाए, तत्काल व्यवस्था में सुधार किया जाए।

### जन शिकायतों का समय पर हो समाधान

आयुक्त पांडेय ने कलेक्टर जन, जनशिकायत, पी एम पोर्टल, निदान 1100 एवं अन्य शिकायतों के संबंध में विस्तार से चर्चा की। उन्होने शिकायतो में आवश्यक सुधार हेतु निर्देशित किया। राजस्व मामलों में व्यवस्था सुधार हेतु राजस्व अधिकारी जे पी तिवारी को कड़े निर्देश दिए हैं। समीक्षा बैठक के दौरान अपर आयुक्त राजेंद्र कुमार दोहरे, उपायुक्त नरेन्द्र बंजारे, डी.के. कोसरिया, अधीक्षण अभियंता अजीत कुमार तिग्गा सहित सभी जोन आयुक्त, कार्यपालन अभियंता एवं संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।






हरिभूमि लाइव
रायपुर, गुरुवार 8 जनवरी 2026
Email id- haribhoomibhilai@gmail.com
7747020002, Message at - 9755819129

02


एनआईटी रायपुर ने आईआईटी बीएचयू को दस रन से हराया

## लाइव इवेंट

### पुरुष व महिला ईस्ट जोन टेनिस प्रतियोगिता ओडिशा में, भाग लेने टीम हुई रवाना



**भिलाई।** हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग की टेनिस पुरूष व महिला टीम कलिंगा विश्वविद्यालय भुनेश्वर ओडिसा में आयोजित ईस्ट जोन टेनीस प्रतियोगिता में भाग लेने रवाना हुए। टीम का प्रशिक्षण शिविर टेनीस कोट सेक्टर 10 भिलाई में आयोजित कराया गया। खेल संचालक डॉ. दिनेश नामदेव ने जानकारी देते हुए बताया कि जाने से पहले टीम के सभी खिलाड़ी विश्वविद्यालय के कुलसचिव भूपेन्द्र कुलदीप से मुलाकात की। कुलसचिव ने खिलाड़ियों को अच्छे प्रदर्शन की कामना करते हुए शुभकामनाएं दी। टीम के सभी खिलाड़ियों को ट्रैकसूट, ड्रेस व जूता प्रदान किया गया। टीम के मैनेजर खेलन महुले क्रीड़ाधिकारी शासकीय महाविद्यालय कवर्धा व पूर्व खिलाड़ी पी. तनुजा के मागर्दशन में टीम प्रतिनिधित्व करेगी।

टीम में शामिल पुरूष और महिला खिलाड़ियों में अफशा अहमद सेंट थॉमस महाविद्यालय रुआबांधा, अदिति दुबे भिलाई महिला महाविद्यालय सेक्टर-9 भिलाई, नेहाली देवांगन शासकीय दिग्विजय पीजी महाविद्यालय राजनांदगांव, अभिषेक डी. पटेल साईं महाविद्यालय सेक्टर-6 भिलाई, अभिज्ञान गौड़ शासकीय पीजी महाविद्यालय दुर्ग, यश देशमुख शासकीय दिग्विजय पीजी महाविद्यालय राजनांदगांव हिस्सा लेंगे।

## सिटी इवेंट

### सर्व ब्राह्मण मित्र सखी ने पिकनिक में किया एंजॉय, सामाजिक गतिविधियों पर हुई चर्चा



**भिलाई।** सर्व ब्राह्मण मित्र सखी के तत्वावधान में नववर्ष 2026 का मिलन समारोह हर्षोल्लास के साथ पिकनिक के रुप में सेलिब्रेट किया गया। समाज की सदस्याओं ने नए साल के अवसर पर भव्य मिलन समारोह मनघटा स्थित लिलीपुट रिसोर्ट में उत्साह एवं सौहादर्पूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। इस अवसर पर संगठन की लगभग 50 सखियों ने सहभागिता कर नववर्ष का आत्मीयता और उल्लास के साथ स्वागत किया। कार्यक्रम की शुरुआत सभी सखियों द्वारा पहाड़ी माता मंदिर और काली माता मंदिर में विधिवत पूजन एवं दर्शन से हुई। जहां सभी ने माता रानी का आशीर्वाद प्राप्त कर विप्र नारी शक्ति ने नववर्ष में किए जाने वाले सामाजिक, सांस्कृतिक एवं संगठनात्मक गतिविधियों की रूपरेखा पर विचार-विमर्श किया। इसके बाद भजन-कीर्तन, मनोरंजक खेलों एवं आपसी संवाद के माध्यम से कार्यक्रम को जीवंत और आनंदमय बनाया गया। सभी सदस्याओं ने विभिन्न गेम्स में उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। पूरे आयोजन में आपसी एकता, सहयोग और सकारात्मक ऊर्जा का सुंदर दृश्य देखने को मिला। इस मिलन समारोह में मुख्य रुप से सरोज चौबे, उर्मिला उपाध्याय, पूनम मिश्रा, कामिनी तिवारी, मृदुला शुक्ला, अंजू त्रिपाठी, अनीता पर्वत, सुधा शर्मा सहित अन्य सदस्याएं शामिल रहीं।



● दूसरे दिन बच्चों ने ठगड़ा बांध में 75 स्काउट, गाइड, रोवर, रेंजर दे रहे प्रशिक्षण

# स्काउट-गाइड शिविर में दिखा अनुशासन और राष्ट्रभक्ति का संगम, किया कैंप क्रॉफ्ट का अभ्यास, गूंजा जय जंबूरी

**भिलाई। भारत स्काउट्स एवं गाइड्स और केंद्रीय विद्यालय संगठन के तत्वावधान में आयोजित तीन दिवसीय प्री जंबूरी कैंप के दूसरे दिन ठगड़ा बांध में प्रेरणादायक और अनुशासनपूर्ण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्राकृतिक वातावरण से घिरे इस स्थल पर लगभग 75 स्काउट, गाइड, रोवर, रेंजर एवं प्रशिक्षक शिक्षकों ने सक्रिय सहभागिता दी। प्रतिभागियों ने आज कैंप क्राफ्ट का अभ्यास किया। जिसमें टेंट पिचिंग, गांठें, प्राथमिक कैंप व्यवस्था और जीवनोपयोगी कौशलों का प्रशिक्षण दिया गया। साथ ही बी.पी. सिक्स एक्सरसाइज के अभ्यास के दौरान जय जंबूरी, भारत माता की जय और देश की रक्षा हम करेंगे जैसे गगनभेदी नारों से पूरा ठगड़ा बांध परिसर देशभक्ति की भावना से गूंज उठा।**

### स्काउटिंग और गाइडिंग का बताया महत्व

कार्यक्रम का संचालन मुख्य प्रशिक्षक संजीव कुमार वर्मा के मार्गदर्शन में किया गया। उन्होंने जंबूरी कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए स्काउटिंग और गाइडिंग के उद्देश्यों, अनुशासन, सेवा भावना एवं नेतृत्व विकास के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। डॉ. अजय आर्य ने अपने संबोधन में कहा कि इस प्रकार के शिविर बच्चों में आत्मविश्वास, सहयोग, नेतृत्व क्षमता तथा राष्ट्रप्रेम को सुदृढ़ करते हैं और उनके शारीरिक एवं मानसिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। विद्यालय के प्राचार्य उमाशंकर मिश्र ने छात्रों को प्रेरित करते हुए कहा कि स्काउट-गाइड गतिविधियां विद्यार्थियों को जीवन की वास्तविक चुनौतियों के लिए तैयार करती हैं और उन्हें जिम्मेदार नागरिक बनने की दिशा में अग्रसर करती हैं। केवीएस की टीम सहित संजीव कुमार वर्मा, अजय यादव, आशुतोष सिंह और डॉ अजय आर्य ने आज कैंप स्थल का निरीक्षण भी किया।





### शिविर में दे रहे प्रशिक्षण और देख रहे व्यवस्था

इस कार्यक्रम में प्रशिक्षण और व्यवस्थाओं में संजीव कुमार वर्मा, अजय कुमार यादव, प्रभु शंकर, अनुराग चौरसिया, डॉ. सतीश गोठरवाल, शिवराज सिंह राजपूत, तिजराम चौहान, दानिदास गिरिया, डॉ. अजय आर्य, रविंदर पाल सेहमी, दीपा सराफ, कंचन गुप्ता, अमिता चौधरी, इंदु रानी खाखा, सोसन लकड़ा, नूपुर मिश्रा और डॉ. राखी श्रीवास्तव ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम का समापन अत्यंत उत्साहपूर्ण एवं अनुशासित वातावरण में हुआ। सभी प्रतिभागियों ने शिविर को ज्ञानवर्धक, प्रेरणादायक एवं स्मरणीय बताया। समापन समारोह में महापौर अलका बाघमार सहित अंचल के कई गणमान्य जन शिरकत करेंगे।





# लायनेस क्लब की कार्यकारिणी ने सेवा कार्यों की ली शपथ, कल्पना बनी अध्यक्ष



**भिलाई।** लायनेस क्लब भिलाई के नए साल पर नई कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। जिसके बाद डिस्ट्रिक्ट संरक्षिका रत्ना ओसवाल द्वारा क्लब की नवनिर्वाचित अध्यक्ष लायनेस कल्पना श्रीवास्तव, सचिव लायनेस मनीषा सिन्हा एवं कोषाध्यक्ष लायनेस डॉ. मंजू तिवारी को विधिवत शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि चार्टर डिस्ट्रिक्ट प्रेसिडेंट रश्मि अग्रवाल रहीं। अति विशिष्ट अतिथि एवं डिस्ट्रिक्ट संरक्षिका मृदुला रोजिनदार ने क्लब के नए सदस्यों को शपथ दिलाई। विशिष्ट अतिथि के रूप में डिस्ट्रिक्ट सचिव सीमा यादव एवं पीडीपी तृप्ता कौर कैंबो उपस्थित रहीं। नई कार्यकारिणी ने शपथ ग्रहण कर सेवा कार्य को लक्ष्य के रुप में लेते हुए सभी का आभार व्यक्त किया। मंच संचालन जयंती शर्मा और ध्वज वंदना गीता मिश्रा ने पढ़ी। इस अवसर पर क्लब के नए और ओल्ड सदस्य काफी संख्या में उपस्थित थे।



# आर्य समाज मंदिर सेक्टर 6 में वार्षिक उत्सव की तैयारी पूरी, 8 से आयोजन



**भिलाई।** आर्य समाज मंदिर सेक्टर 6 भिलाई में वार्षिक उत्सव की तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। आर्य समाज में 8 से 11 जनवरी तक वार्षिक उत्सव होगा। जिसमें यज्ञ हरिशंकर अग्निहोत्री करेंगे। भजन उपदेशक कंचन कुमार दिल्ली उपस्थित रहेंगे। वैदिक विद्वान डॉक्टर अजय आर्य और धर्माचार्य पं अंकित शर्मा भी उपस्थित रहेंगे। समापन में प्रधान छत्तीसगढ़ प्रांतीय प्रतिनिधि सभा से मुनि जोगीराम आर्य और सभा के मंत्री अवनी भूषण पूरंग शामिल होंगे। कार्यक्रम गुरुवार की शाम साढ़े 5 बजे सियान सदन नेहरू नगर से शुरु होगा। जिसका उद्घाटन एवं ध्वजारोहण शुक्रवार की सुबह 7.45 और 8 बजे के बाद ऋग्वेद पारायण महायज्ञ शुरु होगा। 10 बजे से 11 बजे तक भजन एवं वेदोपदेश होंगे। इसी क्रम में शाम 6 बजे से 8 बजे तक भजन एवं प्रवचन का कार्यक्रम होगा। समापन रविवार को होगा। जिसकी पूर्णाहुति सुबह 11 बजे तक होगी। इसके बाद भजन एवं प्रवचन 11 बजे से साढ़े 12 तक होंगे। इस दौरान आर्य वीर दल का शक्ति प्रदर्शन का कार्यक्रम होगा और ऋषि लंगर 1 बजे से आयोजित किया जायेगा। ओायजक प्रधान आर्य समाज सेक्टर 6 अवनी भूषण पूरंग, उपप्रधान रवि आर्य मंत्री प्रवीण गुप्ता और कोषाध्यक्ष अरुण ग्रोवर से सभी से याज्ञ में शामिल होने कहा है।

# साहित्यकारों ने कवि नासिर अहमद सिकंदर को दी श्रद्धांजलि



**भिलाई।** कवि नासिर अहमद सिकंदर के निधन पर साहित्यकारों और रंगकर्मियों द्वारा लोक कला भवन, सिविल लाइन दुर्ग में श्रद्धांजलि दी गई। कवि अंजन कुमार ने कहा कि नासिर अपने समय समाज को लेकर काफी चिंतित व बेचैन कवि थे। रंगकर्मी जय कसेर ने कहा कि नासिर कवि होने के रंगकर्म में गहरी दिलचस्पी रखते थे। डॉ. विद्याभूषण ने कहा सिकंदर ने मेरे भीतर वैचारिक दृष्टि भी विकसित की। उमाभारती साहू ने कहा कि कविता लेखन के प्रारंभिक दिनों में उन्होंने मुझे काव्य संस्कार दिये। सहायक प्राध्यापक रजनीश उमरे ने कहा कि नासिर ऐसे कवि थे जो अपने समय व समाज की विसंगतियों, विद्रुपताओं, जटिलटाओं पर पैनी नजर रखते थे और अपनी रचनाओं के माध्यम से प्रतिरोध करतेरहे। जिला सत्र न्यायालय दुर्ग के अधिवक्ता-रंगकर्मी योगेश पाण्डेन ऋषि गजपाल, कवि शरद कोकास नासिर अहमद सिकंदर कीपुत्री शगुफ्ता और पुत्र शहरोज ने भी अपने विचार रखे। विनोद साव ने कहा कि नासिर की कविताओं में सामाजिकविसंगतियों के प्रति एक गहरा व्यंग्य भी दिखाई देता है। सहायक प्राध्यापक रजनीशन, चित्रकार गिलबर्ट, कमलेश्वर साहू, प्रकाश तम्रकार, पोखराज शर्मा, शारिक खान, आदि साहित्यकार व रंगकर्मियों ने भी विचार रखे। कार्यक्रम का संचालन सहायक प्राध्यापक अशोक तिवारी ने किया।

सतनामी समाज के रिसाली, सुपेला और सेक्टर के युवा और महिलाओं ने की शिकरत

# बाबा घासीदास की 269वीं जयंती पर विभिन्न क्षेत्रों से 200 समितियों ने किया सेवा कार्य, सफेद गमछा से किया सम्मानित

कार्नर न्यूज

**भिलाई।** गुरु घासीदास सेवा समिति सेक्टर–6 भिलाई नगर द्वारा इस वर्ष भी बाबा गुरु घासीदास की 269वीं जयंती के अवसर पर तीन दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन भिलाई सतनामी समाज के विभिन्न सेक्टर, सुपेला और रिसाली क्षेत्र के विभिन्न समितियों के विशेष सहयोग से किया गया था। इस सभी समितियों को गुरु घासीदास सेवा समिति द्वारा आभार प्रकट करने और सम्मानित करने के लिए सतनाम भवन प्रांगण में सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें लगभग 200 से अधिक सभी समितियों और सहयोगियो को शॉल, श्रीफल, सफेद गमछा पहनाकर सम्मानित किया गा। इस दौरान समाज के पदाधिकारी विशेष रुप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत गुरु घासीदास के तैलचित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन कर की गई। इस अवसर पर अध्यक्ष बी.एल .कुर्रे ने समाज के सभी वर्गों को बाबा के जयंती कार्यक्रम में तन, मन, धन से सहयोग करने आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर समाज के वरिष्ठ जन, युवा, महिलाएं और बच्चों का विशेष सहयोग रहा।



### यह रहे उपस्थित

कार्यक्रम में समिति के सचिव दिवाकर गायकवाड़, राजेंद्र महिलांग, कार्यकारणी सदस्य एस.आर. नवरंगे, रूपेश बारले, त्रिलोचन डहरे, एस. एल. डहरिया, सतीश डहरे, किशोर कुमार भारद्वाज, सागर टंडन, मनोबोधी कुर्रे, योगेश्वर चतुर्वेदी, नोहर सिंह कुर्रे, कैलाश चतुर्वेदी, उषा देशलहरा, बिसाहू राम बघेल, भामिनी बंजारे, एस.पी. बारले, राजेंद्र खुटेल, किरण चंदवानी, कृष्णा पात्रे, उषा कौशल, झाड़ूराम सोनवानी, सुभाष कुर्रे सहित सैकड़ो वरिष्ठ सामाजिक सदस्य उपस्थित रहे।



### समितियां और सहयोगी हुए सम्मानित

सम्मान और आभार के कार्यक्रम में मुख्य रूप से समिति के अध्यक्ष बी एल कुर्रे, डॉ ए डी बेनर्जी, डॉ जीवन लाल घीडले, पूर्व अध्यक्ष आर.डी. देशलहरा, उपाध्यक्ष उर्मिला भास्कर, राज महंत जवाहर कौशल, टी.आर. कोसरिया, राम गायकवाड सहित अन्य वरिष्ठ समाजिक जनों की उपस्थित रहे और उन्होंने सभी समितियों के अध्यक्ष और उनके टीम का प्रतीक चिन्ह, श्रीफल और सफेद गमछा पहनाकर लगभग 200 से अधिक वरिष्ठ समाजसेवियों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम के दौरान स्वागत भाषण समिति के कोषाध्यक्ष आर. सी. देशलहरा, आभार प्रदर्शन सचिव टेकराम बंजारे और मंच संचालन समिति के महासचिव एन.आर. गिलहरे ने किया।

## सिटी इवेंट

# जरूरतमंद बच्चों को ठंड से राहत देने बांटे गए ऊनी स्कार्फ और ग्लव्स



**भिलाई।** सामाजिक संस्था दिशा ने मानवीय संवेदना और सामाजिक उत्तरदायित्व का परिचय देते हुए बोरसी की श्रमिक बस्ती में जरूरतमंद बच्चों और परिवारों के लिए सेवा कार्य का आयोजन किया। सेवा कार्यक्रम के तहत शासकीय प्राथमिक शाला, बोरसीभाठा (संकुल हनोद) में अध्ययनरत बच्चों को ठंड से बचाव हेतु ऊनी स्कार्फ और दस्ताने वितरित किए गए।

इस पहल में संस्था के सदस्यों सुजीत चक्रवर्ती, राजेश धारकर, जी.एस. संधू, बापी दास, देबाशीष मजूमदार, कल्याण राय, भास्कर देवनाथ, उत्तम डे, नरसिम्हा राव, अजय दुबे और के.सी. राव की सक्रिय भूमिका रही। कार्यक्रम की सबसे खास बात रही संस्था की महिला सदस्यों की भागीदारी। श्रीमती रीता दास, श्रीमती सुधा और श्रीमती लक्ष्मी ने बच्चों से आत्मीय संवाद किया, उनका उत्साह बढ़ाया और उन्हें शिक्षा के प्रति प्रेरित किया। बच्चों को पठन-पाठन सामग्री, पुस्तकें और कापियाँ भी प्रदान की गईं। वहीं बस्ती के जरूरतमंद परिवारों को गर्म कपड़े और उपयोगी वस्त्र वितरित किए गए, जिससे ठंड के मौसम में उन्हें राहत मिली। इस अवसर पर संस्था के सदस्य कल्याण राय ने कहा कि शिक्षा और मानवीय संवेदनाएं समाज की मजबूत नींव हैं। वहीं नरसिम्हा राव ने कहा कि बच्चों की मुस्कान और अभिभावकों की संतुष्टि ही संस्था की सबसे बड़ी उपलब्धि है।

## सिटी लाइव

# विद्यार्थियों को ज्ञान के साथ-साथ कौशल और संस्कार देना आवश्यक : आईपी मिश्रा



**भिलाई।** शंकराचार्य प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी, भिलाई में ज्ञान संवाद 2025-26 अंतरविद्यालयी क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विभिन्न विद्यालयों की कुल 60 टीमों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। आयोजन का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में ज्ञान, तार्किक क्षमता एवं सामान्य जागरूकता का विकास करना रहा। मुख्य अतिथि श्री शंकराचार्य प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी के कुलाधिपति आईपी मिश्रा ने विधार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि बौद्धिक क्षमता के विकास और प्रतिभाशाली विधार्थियों को प्रोत्साहित करने का माध्यम इस तरह के कार्यक्रम होते हैं। आज के समय में अध्ययन और अध्यापन का तरीका बदल गया है। तकनीकी का बेहतर सदुपयोग करके ही हम प्रतिस्पर्धा में आगे आ सकते हैं। श्री शंकराचार्य समूह की शैक्षणिक संस्थाओं में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और प्रतिभाओं को शसक्त मंच प्रदान करना उद्देश्य है। विधार्थियों को ज्ञान के साथ-साथ कौशल और संस्कार देना आवश्यक है। रोजगार की इस कड़ी स्पर्धा में हमारे विद्यार्थी रोजगार देने वाले हों, इतना सक्षम उन्हें बनाया और तराशा जाए। क्विज में प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया और बधाई दी। विश्वविद्यालय की कुलपति डॉ. स्मिता सेलेट ने कहा कि ज्ञान संवाद आज की महती आवश्यकता है। क्विज के माध्यम से आप भारतीय संस्कृति, ज्ञान परम्परा, इतिहास से परिचित होते ही हैं। साथ ही अपने प्रदेश की भी जानकारी हासिल करते है। ये ज्ञान आपके भविष्य में सहयोगी होगा जो इस संवाद कार्यक्रम से आपने हासिल होगा।

**प्रतियोगिता में डीपीएस भिलाई रहे प्रथम :** कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातःकालीन सत्र में हुआ, जिसमें असीम सहगल न्यूट्रिशन कोच ने स्वास्थ्य शिक्षा विषय पर व्याख्यान दिया। उन्होंने संतुलित आहार, नियमित व्यायाम, मानसिक स्वास्थ्य, स्वस्थ जीवनशैली के महत्व को सरल और प्रभावी शब्दों में समझाया। उनके संबोधन से विद्यार्थियों में स्वास्थ्य के प्रति सकारात्मक सोच विकसित हुई। इसके पश्चात प्रतियोगिता के विभिन्न चरण आयोजित किए गए। प्रथम चरण लिखित परीक्षा के रूप में संपन्न हुआ, जबकि द्वितीय चरण में छत्तीसगढ़ से संबंधित ज्ञान पर आधारित प्रश्न पूछे गए। तृतीय और अंतिम ग्रैंड फिनाले राउंड में खेल, विज्ञान, बॉलीवुड सहित कुल छह उप-राउंड शामिल रहे, जिससे प्रतियोगिता अत्यंत रोचक एवं ज्ञानवर्धक बनी। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान डीपीएस भिलाई, द्वितीय स्थान डीपीएस भिलाई तथा तृतीय स्थान शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, वैशालीनगर ने प्राप्त किया। विजेता एवं उपविजेता प्रतिभागियों को नकद पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

## स्पोर्ट्स इवेंट

# राज्य का प्रतिनिधित्व करते हुए संतोषी को मिला गोल्ड मेडल



- अंतरराष्ट्रीय मुकाबलो में करेंगी शिरकत

**भिलाई।** कुश्ती के खेल में संतोषी चंद्राकर ने लेवल 1 कोचिंग कोर्स में टॉप 10 में स्थान हासिल किया और अंतरराष्ट्रीय स्तर के मुकाबलो में भारतीय कुश्ती टीम को कोचिंग करने की योग्यता को पूरा किया। इस कोचिंग कोर्स में पूरे भारत वर्ष से 200 कोचों ने हिस्सा लिया था। संतोषी चंद्राकर ने कई बार राज्य का प्रतिनिधित्व करते हुए आल इंडिया इंटर साईं में गोल्ड मेडल और सीनियर नेशनल ट्रेडिशनल गेम में ब्रॉन्ज मेडल स्कूल नेशनल ब्रॉन्ज मैडल प्राप्त किया। साथ ही नेशनल गेम्स में प्रतिनिधित्व किया और अनेकों प्रतियोगिता में शामिल होकर राज्य का नाम बढ़ाया है। संतोषी ने हाल ही में एमजी रेसलिंग क्लब दुर्ग में कुश्ती के बच्चो को कोचिंग देकर नए खिलाड़ी तैयार कर रही है। जिससे बच्चे शारीरिक रूप से स्वस्थ बन रहे हैं।

## ● बीएसपी सीनियर सेकंडरी स्कूल सेक्टर-7 ने मनाया 25वां वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह

# स्पार्कल में उभरता भारत सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने किया दर्शकों को मंत्रमुग्ध, पुष्प, सलाद और रंगोली में कल्पनाओं को दिया पंख

**भिलाई।** बीएसपी सीनियर सेकेंडरी स्कूल सेक्टर-7 भिलाई ने अपनी रजत जयंती स्पार्कल का आयोजन किया। इस अवसर पर प्रतिभा प्रदर्शन करते हुए इस संस्थान की 25 वर्षों की शैक्षणिक उत्कृष्टता और वैश्विक स्तर पर मानक स्थापित करने की उपलब्धि को सम्मानित किया गया। विद्यार्थियों को शैक्षणिक, खेलकूद और पाठ्यक्रम क्षेत्रों में प्रतिभावानों को पुरस्कृत किया गया। इस दौरान बच्चों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक उत्सव उभरता भारत सहित अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। बच्चों ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन कर खूब वाहवाही लूटी। कक्षा बारहवीं की मनप्रीत कौर लोहिया को विद्यालय की स्टार घोषित किया गया। पुष्प, सलाद और रंगोली प्रतियोगिताएं भी आयोजित की गईं, जिनमें छात्रों की कलात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इस प्रदर्शनी ने छात्रों के नवाचारों, सृजन और कल्पनाओं को अवसर और पंख प्रदान किए। वार्षिकोत्सव का आयोजन विद्यालय के सभागार में आयोजित किया गया। इस अवसर पर शिक्षा विभाग के निदेशक अजय कुमार चक्रवर्ती और उत्पल दत्ता, ए बी श्रीनिवासन, शिक्षा विभाग के महाप्रबंधक शिखा दुबे, पीटीए सदस्य सहित विभिन्न विद्यालयों के प्रधानाचार्य, अभिभावक और विद्यालय उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन और सरस्वती वंदना के साथ हुई। पीटीए अध्यक्ष भुवनेश्वर सिंह ने स्वागत भाषण दिया और विद्यालय की प्रधानाचार्या रूबी बर्मन रॉय ने विद्यार्थियों की शैक्षणिक, खेलकूद और सहपाठ्यक्रम गतिविधियों का रिपोर्ट प्रस्तुत किया। विद्यार्थियों को शैक्षणिक, खेलकूद और सहपाठ्यक्रम क्षेत्रों में पुरस्कार दिए गए। मुख्य अतिथि अजय कुमार चक्रवर्ती ने विद्यार्थियों की शैक्षणिक और खेलकूद संबंधी उपलब्धियों को पुरस्कृत किया।





### प्रतिभावान हुए पुरस्कृत



नौशाबा नाज ने सीबीएसई कक्षा 12वीं की बोर्ड परीक्षा में 91.4 प्रतिशत अंकों के साथ विद्यालय में टॉप किया और दीपक निषाद ने कक्षा 10वीं की बोर्ड परीक्षा में 95.4 प्रतिशत अंकों के साथ उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। खेल जगत के 7 राष्ट्रीय और 5 राज्य स्तरीय खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया गया। शैक्षणिक और गैर-शैक्षणिक क्षेत्रों में उभरती प्रतिभाओं, मनप्रीत सिंह लोहिया, तीस्ता और गरिमा तिवारी को विद्यालय में उनके विशेष योगदान के लिए विशेष रूप से सम्मानित किया गया। इस वर्ष के उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्लूटो हाउस को विद्यालय का सर्वश्रेष्ठ हाउस घोषित किया गया।

### लगाई प्रदर्शनी





मनोरंजक प्रस्तुति के अलावा, वाणिज्य, विज्ञान, गणित और गृह विज्ञान के क्षेत्र में छात्रों द्वारा तैयार की गई परियोजनाओं की एक शानदार प्रदर्शनी भी लगाई गई। पुष्प, सलाद और रंगोली प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं, जिनमें छात्रों की कलात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन किया गया। इस प्रदर्शनी ने छात्रों के नवाचारों, सृजन और कल्पनाओं को अवसर और पंख प्रदान किए। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ व्याख्याता नमिता देशपांडे और डॉ. शीतल चंद्र शर्मा ने किया। अंत में आभार व्यक्त वरिष्ठ व्याख्याता अनीता अशोक ने दिया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ, जो अपार आशा और खुशी का प्रतीक था।

### बच्चों के सर्वांगीण विकास मे शिक्षकों की मेहनत

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि अजय कुमार चक्रवर्ती ने विद्यार्थियों को जीवन में आगे बढ़ने प्रोत्साहित किया। उन्होंने बीएसपी एसएसएसवीआईआई को शहर में ही नहीं बल्कि राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर भी कई शैक्षिक उपलब्धियां हासिल करने वाला अग्रणी संस्थान होने के लिए बधाई दी। इस अवसर पर बोलते हुए, उन्होंने बच्चे के सर्वांगीण व्यक्तित्व विकास के लिए विद्यालय के अथक प्रयासों की सराहना की।

## जवाहर नगर दुर्ग में श्रीमद् भागवत कथा

# कृष्ण जन्मोत्सव की दिव्य झांकी में सराबोर हुआ भागवत मंच, नंद के आंगन सा उमड़ा भक्तिरस

**भिलाई।** जवाहर नगर, दुर्ग में आयोजित श्रीमद् भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ सप्ताह के चौथे दिन कथावाचक पंडित मनोज पांडेय ने श्रीकृष्ण जन्म की भावपूर्ण कथा का रसपान कराया। संपूर्ण वातावरण भक्तिरस, उल्लास और आध्यात्मिक आनंद से सराबोर हो उठा। भागवत कथा के पावन मंच पर कृष्ण जन्मोत्सव की भव्य झांकी प्रस्तुत की गई, जिसने उपस्थित श्रद्धालुओं को साक्षात दर्शन का अनुभूति और सुख प्रदान किया। नंद के आंगन का मनोहारी दृश्य, पालने में विराजमान बाल गोपाल और गोकुल की आनंदमयी छवि ने संपूर्ण वातावरण को भक्तिरस से सराबोर कर दिया। पुष्पवर्षा, दीपों की झिलमिलाहट और मधुर भक्ति संगीत से कथा पंडाल गूंज उठा। "नंद के आनंद भयो, जय कन्हैया लाल की" के कीर्तन पर श्रद्धालु भाव-विभोर होकर झूम उठे। यह झांकी केवल एक दृश्य प्रस्तुति नहीं, बल्कि प्रेम, भक्ति और दिव्य आनंद का जीवंत उत्सव बनकर हृदयों में कृष्ण भाव जगा गई।

कथावाचक ने कहा कि देवता भी कथामृत के लिए तरसते हैं। जब राजा परीक्षित के जीवन के केवल सात दिन शेष थे, तब स्वर्गलोक से देवता उनके पास आए और विनयपूर्वक अमृत के बदले श्रीमद्भागवत कथा का प्रस्ताव रखा। देवताओं की कामना थी कि वे शुकदेवजी के श्रीमुख से कथामृत का पान करें। कथावाचक ने कहा कि अमृत केवल शरीर को पुष्ट करता है और आयु बढ़ाता है, जबकि कथामृत से भक्ति का उदय, ज्ञान का प्रकाश, वैराग्य की जागृति और विवेक का विकास होता है। कथामृत ही अंततः जीव को मुक्ति के मार्ग पर अग्रसर करता है। इसी गहन सत्य को समझकर राजा परीक्षित ने अमृत को ठुकराकर कथामृत को स्वीकार किया।

उन्होंने भारत भूमि की महिमा का वर्णन करते हुए कहा कि देवता 71 चतुर्युग तक स्वर्ग में निवास करने के बाद भी पूर्ण संतुष्टि प्राप्त नहीं कर पाते। वे एक क्षण के लिए भी भारतवर्ष में मनुष्य जन्म को सौभाग्य मानते हैं। भारत भूमि भगवान का आंगन है, यहीं ईश्वर अवतार लेते हैं और यहीं से मुक्ति का द्वार खुलता है। यदि अंतिम समय में भगवान का स्मरण करते हुए देह त्याग हो जाए, तो जीव वैकुंठ को प्राप्त करता है। कथा के दौरान भगवान वामन अवतार और गजेंद्र मोक्ष के प्रसंगों का भी सुंदर विवेचन हुआ। गजेंद्र मोक्ष कथा के माध्यम से समझाया गया कि जीव ही गजेंद्र है, मगरमच्छ काल है और सरोवर संसार। जब जीव अपने बल और बुद्धि पर निर्भर रहकर संघर्ष करता है, तब तक बंधन बना रहता है, किंतु जब वह अहंकार छोड़कर पूर्ण शरणागति करता है, तब भगवान स्वयं उसके उद्धार के लिए दौड़े चले आते हैं। यह कथा प्रत्येक मानव को आत्मचिंतन, भक्ति और शरणागति का दिव्य संदेश देती है।



## डायरेक्टर इंचार्ज ट्राफी का आयोजन

# एनआईटी रायपुर ने आईआईटी बीएचयू को दस रन से हराया



**भिलाई।** ऑफिसर्स एसोसिएशन और एससीएंडसीए के तत्वावधान में डायरेक्टर इंचार्ज ट्राफी इंटर एलुमनी टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता 'डायरेक्टर इंचार्ज ट्राफी का आयोजन किया जा रहा है। प्रतियोगिता का उद्घाटन बीएसपी के निदेशक प्रभारी चितरंजन महापात्रा के द्वारा किया गया। प्रथम मैच एनआईटी रायपुरआईटी बीएचयू की टीमों के मध्य खेला गया। ओए महासचिव अंकुर मिश्रा द्वारा टांस कराया गया जिसमें एनआईटी रायपुर ने टांस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया। एनआईटी रायपुर की टीम ने 3 विकेट खोकर 87 रन बनाए। राकेश पटेल ने सर्वाधिक 31 रन बनाए, जिसमें 3 चौके शामिल थे। जवाब में आईआईटी बीएचयू ने 12 ओवर में 5 विकेट खोकर 77 रन बनाए और एनआईटी रायपुर 10 रनों से मैच जीता। एनआईटी रायपुर के राकेश पटेल मैन ऑफ द मैच रहे। मैन आफ द मैच की ट्राफी ओए अध्यक्ष नरेन्द्र कुमार बंछोर एवं महासचिव अंकुर मिश्रा द्वारा राकेश पटेल को प्रदान किया गया। को-आडिनेटर डीपीएस बरार व अखिल मिश्रा थे।

**एनआईपीएम ने जीआईसी को हराया:** दूसरे मैच में एनआईपीएम व जीईसी जबलपुर की टीमों के मध्य खेला गया। टास श्री बंछोर द्वारा कराया गया। एनआईपीएम ने टांस जीतकर पहले गेंदबाजी की। जीईसी जबलपुर की टीम ने 7 विकेट खोकर 75 रन ही बना सकी। अनुराग ने सर्वाधिक 18 रन बनाए। विक्की लबाड़े ने विकेट लिए। एनआईपीएम ने 2 विकेट खोकर अपना लक्ष्य हासिल कर लिया।

## नर्मदेश्वर महादेव समिति दुर्ग द्वारा श्रीमद भागवत पुराण कथा का आयोजन

# भगवान की कृपा पाने के लिए पहले गुरु के चरणों में जाना आवश्यक : नयन शास्त्री

**कार्नर न्यूज**

**दुर्ग।** जब एक गुरु, भक्त और उनके चरण पकड़ने वाले के एक साथ उद्धार का अवसर होता है तो, भगवान सबसे पहले अपने गुरु और भक्त के चरण पकड़ने वालों का उद्धार करता है। उक्त बातें सिद्ध नर्मदेश्वर महादेव समिति दुर्ग द्वारा सतनाम भवन में आयोजित श्रीमद भागवत पुराण कथा में व्यासपीठ से आचार्य नरेन्द्र नयन शास्त्री ने गजेन्द्र मोक्ष की कथा के दौरान कही।



### गजेंद्र नदी पर स्नान कर निकल रहे थे तब मगर ने उनके पैर खींच लिया

उन्होंने बताया कि जब गजेंद्र नदी पर स्नान कर निकल रहे थे तब मगर ने उनके पैर को पकड़कर खींच लिया, गजेंद्र निकलने का प्रयास करते रहे पर सफल नहीं हो सके। अंत में अंतिम प्रयत्न करते हुए सरोवर से एक कमल का पुष्प तोड़कर कातर भाव से भगवान नारायण पर अपना सब कुछ समर्पित कर पुकारने लगा। गजेंद्र की करूण पुकार सुनकर प्रभु बिना खड़ाऊ के तत्क्षण सरोवर किनारे प्रकट होकर, ग्राह के मुंह को सुदर्शन से काटकर ग्राह का उद्धार किया। परन्तु बाद में गजेंद्र को मुक्ति दी। इस पर सभी ने प्रभु से प्रश्न किया कि हे प्रभु आपने अपने भक्त गजेंद्र का बाद में और उसके पैर पकड़ लेने वाले ग्राह का पहले उद्धार क्यों किया? इस पर भगवान नारायण ने कहा कि मैं विवश हूं, कि जो अपने गुरु या मेरे अनन्य भक्त का पैर पकड़ लेता है, मैं ऐसे सौभाग्य शाली का पहले उद्धार करता हूं। क्योंकि गुरु के रूप में गोविंद ही रहता हूं और भक्तों के हृदय कमल में वे स्वयं विराजमान है। अर्थात दोनों ही स्वरूप में मैं ही होता हूं। यही कारण है कि मै सबसे पहले गुरु और भक्त के पैर पकड़ने वाले पर कृपा करता हूं। कथा का सार यही है कि यदि आप भगवान की कृपा पाना चाहते हैं तो सबसे पहले गुरु के चरणों में जाएं। इस दौरान संजय यादव, वंदना यादव, डॉ. अनिल कश्यप, डॉ. अनुपमा कश्यप सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे।

## सिटी स्पोर्ट्स

### सीनियर टेनिस बॉल क्रिकेट के लिए चुने गए छत्तीसगढ़ के खिलाड़ी



**भिलाई।** नागपुर में 36वीं सीनियर पुरुष एवं महिला टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन 19 जनवरी से 22 जनवरी तक किया जा रहा है। भारतीय टेनिस बॉल क्रिकेट महासंघ के निर्देशानुसार महाराष्ट्र टेनिस बॉल क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ प्रदेश टेनिस बॉल क्रिकेट की महिला एवं पुरुष टीम भी भाग लेगी। इस हेतु एक चयन स्पर्धा का 6 जनवरी को बीएसपी क्रिकेट ग्राउंड सेक्टर 1 में रखी गई। जिसमें 18 महिला एवं 26 पुरुष खिलाड़ियों ने भाग लिया। चयनकर्ता जयप्रकाश आर्य, राधेश्याम, संतोष प्रसाद, एचवी कृष्णा राव, लक्ष्मी एवं कुदरत दास थे। इस अवसर पर बीएसपी टेनिस बॉल क्रिकेट क्लब के सचिव एवं एनजेसीएस के सदस्य वंश बहादुर सिंह एवं छत्तीसगढ़ प्रदेश टेनिस बॉल क्रिकेट संघ के सचिव आजाद अहमद खान उपस्थित थे। उन्होंने सभी चयनित खिलाड़ियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

### हरियाणा, लीजैंड और भिलाई ब्वॉयज की क्रिकेट में जीत



**भिलाई।** आयरन स्पोर्टिंग क्लब बीएसपी की ओर से टी-20 क्रिकेट लीग टूर्नामेंट बीएसपी क्रिकेट ग्राउंड सिविक सेंटर में 6 जनवरी से 9 जनवरी तक जारी है। इस प्रतियोगिता में भिलाई बॉयज, लीजेंड 11 , आयरन पैंथर्स एवं हरियाणा-11 सहित चार टीमें भाग ले रही है।

यहां खेले गए मैच में टीम भिलाई बॉयज विरुद्ध हरियाणा-11 में हरियाणा 11 ने 42 रन से जीत हासिल की। प्लेयर ऑफ द मैच अनिल सिंह रहे। बल्लेबाजी में हरियाणा-11 ने 20 ओवर में 9 विकेट पर 161 रन बनाए। बल्लेबाजी में भिलाई बॉयज 9 विकेट पर 119 रन बनाए। दूसरा मैच आयरन पैंथर्स विरुद्ध लीजेंड-11 रहा। जिसमें लीजेंड-11 ने दो विकेट से जीत हासिल की। प्लेयर ऑफ द मैच गंभीर सिंह रहे। बल्लेबाजी में आयरन पैंथर्स ने 20 ओवर में 9 विकेट पर 130 रन बनाए। बल्लेबाजी में लीजेंड-11 ने 8 विकेट पर 131 रन बनाए। तीसरा मैच लीजेंड-11 विरुद्ध हरियाणा-11 रहा। जिसमें हरियाणा-11 ने 4 विकेट से जीत हासिल की। प्लेयर ऑफ द मैच विमल रहे। बल्लेबाजी में लीजेंड-11 ने 20 ओवर में 8 विकेट पर 130 रन बनाए। बल्लेबाजी में हरियाणा-11ने 6 विकेट पर 133 रन बनाए। चौथे मैच में आयरन पैंथर्स विरुद्ध भिलाई बॉयज में भिलाई बॉयज ने 9 विकेट से जीत हासिल की। प्लेयर ऑफ द मैच राजेश बघेल रहे। बल्लेबाजी में आयरन पैंथर्स 55 रन पर आउट हो गई। बल्लेबाजी में भिलाई बॉयज ने एक विकेट पर 58 रन बनाए। प्रतियोगिता का उद्घाटन 6 जनवरी को उपमहा प्रबंधक कीड़ा सांस्कृतिक एवं नागरिक सुविधा विभाग भूतपूर्व ओलंपियन एवं अर्जुन अवार्डी राजेंद्र प्रसाद ने किया। आयोजन में राजा बनर्जी को उनके क्रिकेट में खिलाड़ी एवं कोच के रूप में महत्वपूर्ण योगदान के लिए सम्मानित किया गया। इस अवसर पर वीरेंद्र अनिल सिंह, के राजगोपालन, प्रशांत शुक्ला, विवेक सिंह, गंभीर जाट, अर्जुन त्यागी, अरविंद सिंह, अभिषेक, आकाश गुप्ता, कुलदीप मीणा एवं शशांक उपस्थित थे।

### अंडर-19 तीसरे दौर के मुकाबले शुरू



**भिलाई।** छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित अंडर-19 एलिट ग्रुप चार दिवसीय अंतर जिला क्रिकेट प्रतियोगिता के तीसरे राउंड के पहले दिन रोमांचक मुकाबले हुए। साइंस कॉलेज राजनांदगांव में टीम रायपुर ब्लू विरुद्ध रायपुर में बल्लेबाजी करते हुए रायपुर ब्लू ने पहली पारी 4 विकेट पर 432 रन बनाए। जिसमें तेजस्वी कलभोर ने 216 रन और मोहम्मद शाहिर कुरैशी ने 147 रन बनाए। दल्ली राजहरा में टीम बिलासपुर ब्लू विरुद्ध कांकेर के मैच में बल्लेबाजी करते हुए बिलासपुर ब्लू पहली पारी 320 रन पर आउट हो गई। बल्लेबाजी में कांकेर ने पहली-पारी तीन विकेट पर 81 रन बनाए। धमतरी में टीम बिलासपुर विरुद्ध भिलाई क्रिकेट एसोसिएशन के मैच में बल्लेबाजी करते हुए बिलासपुर पहली पारी 175 रन पर आउट हो गई। बल्लेबाजी में भिलाई क्रिकेट एसोसिएशन पहले 35 रन पर आउट हो गई। बल्लेबाजी में बिलासपुर ने दूसरी पारी 5 विकेट पर 133 रन बनाए। न्यू ग्राउंड कांकेर में टीम प्लेट कंबाइंड विरुद्ध दुर्ग के बीच मैच में बल्लेबाजी करते हुए कंबाइंड टीम पहली पारी में 191 रन पर आउट हो गई। बल्लेबाजी में दुर्ग टीम ने पहली पारी एक विकेट पर 44 रन बनाए।

#### मौसम का असर हर शरीर पर होता है अलग-अलग, रखें ध्यान

# ठंड बढ़ने पर करें अपना बचाव, गिरते तापमान का सेहत पर हो सकता हैं 'जानलेवा दुष्प्रभाव'

उत्तर भारत के ज्यादातर राज्य इन दिनों भीषण ठंड और शीतलहर झेल रहे हैं। दिन का कम तापमान लोगों के लिए ठंड के इस मौसम को काफी कठिन बना सकता है। अत्यधिक ठंडा मौसम न केवल असुविधाजनक होता है बल्कि स्ट्रोक से लेकर दिल के दौरे जैसी गंभीर स्वास्थ्य संबंधी जटिलताओं का कारण भी बन सकता है। यही वजह है कि स्वास्थ्य विशेषज्ञ इस मौसम में सभी लोगों को विशेष सावधानी बरतते रहने की सलाह देते हैं।

डॉक्टर कहते हैं, सिर्फ बच्चे-बुजुर्गों के लिए ही नहीं, युवाओं की सेहत पर भी अत्यधिक ठंड-शीतलहर का दुष्प्रभाव हो सकता है। शरीर के विभिन्न हिस्सों में रक्त की आपूर्ति करने वाली हमारी वाहिकाएं ठंड की प्रतिक्रिया में सिकुड़ जाती हैं जिससे रक्तचाप बढ़ सकता है। लंबे समय तक ठंडे तापमान के संपर्क में रहने से हाइपोथर्मिया हो सकता है, जो मस्तिष्क के कार्य को बाधित करने के साथ तंत्रिका संबंधी समस्याएं पैदा कर सकता है।

शीतलहर का सीजन अस्थमा, सीओपीडी और फेफड़ों के विकारों से पीड़ित लोगों में श्वसन संबंधी लक्षणों को भी बढ़ा सकती है। आइए ठंड के कारण सेहत को होने वाली समस्याओं



और इनसे बचाव के उपायों के बारे में जानते हैं।

### क्या कहते हैं स्वास्थ्य विशेषज्ञ?


हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ निरंजन सिंह बताते हैं, अत्यधिक ठंड, हृदय और तंत्रिका संबंधी स्वास्थ्य पर नकारात्मक प्रभाव डाल सकती है, जिससे दिल के दौरे से लेकर ब्रेन स्ट्रोक तक का खतरा बढ़ जाता है। यही कारण है कि बहुत अधिक ठंड के जानलेवा दुष्प्रभाव भी हो सकते हैं। ठंडे मौमस से जुड़े जोखिमों को कम करने के लिए सबसे जरूरी है कि आप इन दिनों विशेष बचाव करें, गर्म कपड़े पहने, शरीर की गर्म रखें। ये सभी उम्र के लोगों के लिए जरूरी है।

### जानलेवा हृदय की समस्याएं

बढ़ती ठंड-शीतलहर का सबसे ज्यादा दुष्प्रभाव हृदय स्वास्थ्य पर देखा जाता है, ठंड के दिनों में हार्ट अटैक के मामले भी बढ़ने लगते हैं। असल में ठंड के कारण वाहिकासंकुचन शुरू हो जाता है, जिससे रक्तचाप और हृदय गति बढ़ जाती है। इससे हृदय प्रणाली पर अतिरिक्त दबाव पड़ता है, जो दिल का दौरा पड़ने के खतरे को बढ़ा सकती है। इसके अलावा, ठंड के कारण रक्त भी गाढ़ा हो जाता है, जिससे थक्का बनने की आशंका बढ़ जाती है, जो दिल के दौरे और स्ट्रोक दोनों का कारक हो सकती है।

### ब्रेन स्ट्रोक का खतरा

हार्ट अटैक के अलावा ठंड के मौसम में हाइपोथर्मिया भी बड़ा खतरा रहा है, इसमें शरीर के लिए आंतरिक तापमान को स्थिर बनाए रखने में समस्या हो सकती है। यह न्यूरोलॉजिकल कार्यों को बाधित करने वाली स्थिति है जिसके कारण स्ट्रोक होने की आशंका बढ़ सकती है। सर्दियों में बढ़े हुए ब्लड प्रेशर के कारण भी स्ट्रोक होने का जोखिम बढ़ जाता है। इसलिए स्वास्थ्य विशेषज्ञ ठंड के समय में सभी लोगों को शरीर, विशेषतौर पर सिर को ढककर रखने की सलाह देते हैं।



### बढ़ सकती हैं श्वसन संबंधी समस्याएं

शीतलहर-ठंडी हवा आपके वायुमार्ग के लिए समस्याओं को बढ़ाने वाली हो सकती है, जिससे अस्थमा या क्रॉनिक ऑब्सट्रक्टिव पल्मोनरी डिजीज (सीओपीडी) जैसी पहले से मौजूद स्थितियों वाले व्यक्तियों के लिए खतरा पैदा हो जाता है। ठंड के मौसम में श्वसन संबंधी समस्याएं अधिक देखी जाती रही हैं। श्वसन तंत्र पर दबाव से हृदय से संबंधित विकारों का जोखिम भी बढ़ जाता है। अस्थमा रोगियों को इस मौसम में विशेष सावधानी बरतने की सलाह दी जाती है।

## माइक्रोवेव प्लेट पर खाने के जिद्दी निशान गायब होंगे ऐसे



ज्यादातर घरों में महिलाएं खाना पहले बनाकर रख देती हैं और अपना काम जल्दी खत्म करके फिर रेस्ट करती हैं और जब खाना चाहिए तो उस वक्त वे माइक्रवेव से खाना गर्म करके उसे खा लेते हैं, लेकिन माइक्रोवेव की प्लेट पर इसके चलते जिद्दी निशान लग जाते हैं और वे नहीं हटते। जब हम सफाई करते हैं तो हम अंदर से माइक्रोवेव को तो साफ कर देते हैं, लेकिन प्लेट को साफ करना भूल जाते हैं। ऐसे में बता दें कि माइक्रोवेव पर लगे जिद्दी निशान को हटाने में यहां दिया गया घोल आपके बेहद काम आ सकता है। आज का हमारा लेख इसी विषय पर है। आज हम आपको अपने इस लेख के माध्यम से बताएंगे कि माइक्रोवेव प्लेट को साफ करने में कौन-से तरीके आपके बेहद काम आ सकते हैं।

### माइक्रोवेव की प्लेट को कैसे साफ करें?

सबसे पहले एक कटोरी में गुनगुना पानी लें और उसमें एक चम्मच सफेद सिरका या नींबू का रस मिलाएं। सिरका और नींबू चिकनाई को काटने में मास्टर होते हैं। अब आप सफाई के लिए हमेशा मुलायम सूती कपड़े का इस्तेमाल करें। ध्यान रहे कि खुरदरे कपड़े या जूने का इस्तेमाल न करें, वरना कांच पर बारीक खरोंचें पड़ सकती हैं। अब आप सूती कपड़े को पानी में डुबाएं, फिर उस कपड़े को प्लेट पर बिछा दें। 15 मिनट बाद कपड़े से हल्के-बल्के हाथों से रगड़ें। ऐसा करने से समस्या को दूर किया जा सकता है। इससे अलग आप सूती के कपड़े को उंगली पर लपेटकर प्लेट के किनारों और बीच के खांचों को अच्छे से साफ करें, जहां गंदगी जमी होती है। ऐसा करने से गंदगी को भी आसानी से निकाला जा सकता है। सफाई हो जाने के बाद एक दूसरे सूखे सूती कपड़े से प्लेट को तुरंत पोछें। इससे पानी के धब्बे प्लेट पर नहीं बनेंगे और कांच बिल्कुल नए जैसा चमकने लग जाएगा, इस प्रक्रिया को बफिंग कहा जाता है। प्लेट के साथ-साथ माइक्रोवेव के अंदर लगे उस प्लास्टिक रोलर को भी उसी सूती कपड़े से साफ करें, जिस पर प्लेट घूमती है। अक्सर प्लेट की खराबी या शोर का कारण यही गंदगी होती है। ऐसे में इस आवाज को नजरअंदाज न करें। अगर प्लेट बहुत ज्यादा चिपचिपी है, तो कपड़े से पोछने से पहले उस पर थोड़ा बेकिंग सोडा का छिड़काव दें, फिर गीले सूती कपड़े से रगड़ें। सारा पीलापन तुरंत निकल जाएगा।

## बोरिंग रोटी को कहें अलविदा, रंग-बिरंगी प्यूरी से बनाएं रेनबो पराठा



अगर आप भी हर समय इस बात से परेशान रहती हैं तो अब आप अपने बोरिंग खाने को अलविदा कह दें। ताजी सब्जियों की प्यूरी का इस्तेमाल कर आप शानदार रंगीन पराठा बना सकती हैं।

रेनबो पराठा बनाने के लिए आपके पास तीन रंगों का होना बेहद जरूरी है- लाल रंग, हरा रंग और पीला या नारंगी रंग। लाल रंग चुकंदर से मिलेगा, हरा रंग पालक से मिलेगा और पीला या नारंगी रंग आपको गाजर या कद्दू की प्यूरी से मिल जाएगा। ऐसे में अब आप सबसे पहले चुकंदर को उबालकर उसकी प्यूरी बना लें। फिर आप पालक को ब्लांच करके पीस लें और उबली हुई गाजर या कद्दू की प्यूरी तैयार कर लें।

अब सबसे पहले आप गेहूं के आटे को तीन हिस्सों में बांट लें। एक हिस्से में चुकंदर की प्यूरी, दूसरे में पालक की और तीसरे को गाजर की प्यूरी मिलाकर हल्के हल्के हाथों से गूंथें। आटे में थोड़ा नमक, अजवाइन और एक चम्मच घी जरूर डालें ताकि पराठे नर्म व स्वादिष्ट बन जाएं। हम तीनों रंगों के आटे की छोटे-छोटे लोई बनाएं। अब उन्हें लंबा बेलकर एक दूसरे के ऊपर या अगल-बगल चिपका दें और फिर से एक गोल पराठे की तरह बेलें। बेलते समय आपको सुंदर रंगीन धारियां दिखाई देंगी। अगर बच्चों के लिए बना रहे हैं तो रिफाइंड तेल की जगह देसी का इस्तेमाल करें। धीमी आंच पर पराठे को दोनों तरफ से कुरकुरा होने तक सेकें। इस रंगीन पराठे को आप पनीर की भुर्जी, दही या बच्चों के पसंदीदा आम के अचार के साथ सर्व कर सकती हैं। इसके रंग देखकर बच्चे बिना मुंह बनाए पूरा टिफिन खाली कर देंगे।




## नन्हे मेहमान के लिए करें वास्तु के अनुसार बंदोबस्त

जब घर में नन्हे मेहमान के आने की खबर मिलती है तो खुशियों का माहौल छा जाता है। इस खबर के बाद से ही परिवार के सदस्य उस नन्हे मेहमान के आने का बेसब्री से इंतजार किया जाता है। इतना ही नहीं, उसके लिए कई तरह की तैयारियां भी की जाती है। मसलन, उसके आने से पहले ही उसके आराम का पूरा ख्याल रखा जाता है। अधिकतर घरों में लोग उसके लिए अलग से एक कमरा भी तैयार करवाते हैं।

ऐसा करने में कोई बुराई नहीं है। लेकिन जरूरी यह है कि जब आप उस नन्हे मेहमान के लिए कमरा तैयार करवाएं तो सिर्फ अपनी पसंद-नापसंद ही नहीं, बल्कि वास्तु के कुछ नियमों का भी खास ख्याल रखें। तो चलिए आज इस लेख में वास्तुशास्त्री डॉ. आनंद भारद्वाज आपको कुछ ऐसे ही छोटे-छोटे वास्तु टिप्स के बारे में बता रहे हैं, जिन्हें आपको नन्हे मेहमान का कमरा तैयार करते समय ध्यान में रखना चाहिए-

### रंगों का रखें ध्यान

जब भी आप नन्हे मेहमान का कमरा तैयार करें तो



आपको रंगों पर विशेष रूप से ध्यान देना चाहिए। कभी भी नवजात शिशु के कमरे में हार्ड कलर्स का इस्तेमाल नहीं करना चाहिए। हमेशा वहां पर लाइट व सॉफ्ट कलर करने की कोशिश करें। मसलन, इस कमरे के लिए लाइट पिंक, लाइट ब्लू या लाइट ग्रीन कलर सबसे अच्छे माने जाते हैं। कभी भी यहां पर ब्राउन या ब्लैक कलर शेड का इस्तेमाल ना करें।

### उत्तर-पूर्व हो खाली

कोशिश करें कि नए मेहमान के कमरे का उत्तर-पूर्व कोना खाली ही हो। कभी भी यहां पर कोई भारी सामान (कुबेर भगवान की प्रतिमा रखने का तरीका) ना रखें। कई बार ऐसा होता है कि शिशु के आने की खुशी में लोग पूरा कमरा टॉयज से भर देते हैं। लेकिन उत्तर-पूर्व के कोने में किसी तरह का टॉयज रखने से भी बचें।

### बेबी का सामान

बेबी के कमरे में उसका काफी सारा जरूरत का सामान होता है। कई बार हम इस ओर ध्यान नहीं देते हैं और पूरा सामान घर में बिखर जाता है। ऐसी गलती ना करें। हमेशा बेबी के कपड़े व उसकी जरूरत की अन्य चीजों को बेहद ही करीने से रखें। कोशिश करें कि आप उन्हें ऐसी जगह पर रखें, जिससे नवजात की नजर उस पर पड़े। इसे काफी अच्छा माना जाता है।

नन्हा मेहमान अक्सर सॉफ्ट टॉयज को देखकर खुश होता है या फिर वह उससे खेलना काफी पसंद करता है। ऐसे में (एक्योरियम रखने का तरीका) आप उसके इस तरह के टॉयज को अलमारी में रखें। ध्यान दें कि बच्चे के खेलने वाले टॉयज पर बिल्कुल भी धूल-मिट्टी जमा नहीं होनी चाहिए। इससे नेगेटिविटी पैदा होने लगती है।

### पूर्व दिशा की दीवार

नन्हे मेहमान के कमरे को सजाते समय कोशिश करें कि आप उसके कमरे की पूर्व दिशा की दीवार पर लड्डूगोपाल की तस्वीर जरूर लगाएं। इस दिशा में लड्डूगोपाल की तस्वीर लगाना काफी अच्छा माना जाता है।



#### कार्नर न्यूज

#### अपना वजन नियंत्रित रखना सबसे बड़ी जरूरत

# वेट लॉस जर्नी में दूर रहें इन फूड से, कम होने की जगह अचानक बढ़ सकता है आपका वजन

कैलोरी डेफिसिट यानी कि शरीर की जरूरत से कम खाना। लेकिन वजन कम करने के लिए लोग जरूरत से कम खाने के चक्कर में खाना-पीना ही छोड़ देते हैं, जिससे उनका वेट लॉस की जगह मसल्स लॉस हो जाता है, जिससे कई शारीरिक प्रॉब्लम्स हो सकती हैं।

हम जो भी फूड खाते हैं, उसमें कैलोरी होती है। जैसे अगर किसी के शरीर को 2000 कैलोरी की आवश्यकता है, तो उसे शुरुआत में 200-300 कैलोरी कम लेनी चाहिए, यानी कि लगभग 1700-1800 कैलोरी का सेवन करना चाहिए। फिर इसके बाद फिर धीरे-धीरे 100 कैलोरी कम करें, इसी तरह कैलोरी को कम करना चाहिए। वजन कम करने के लिए डाइट प्लान के साथ वर्कआउट की भी जरूरत होती है। कुछ लोग वजन कम करने के लिए नेचुरल वेट लॉस टिप्स फॉलो करते हैं और वहीं कम वजन वाले लोग सोने से 2 घंटे पहले भी कुछ फूड का सेवन करते हैं जिससे उन्हें वजन बढ़ाने में मदद मिलती है। लेकिन इन सबके बावजूद कुछ ऐसे फूड का सेवन कर लेते हैं, जिससे वजन कम नहीं होता। अब आप सोच रहे होंगे कि कैलोरी कम खाने पर तो वजन कम होना चाहिए, तो फिर क्यों ?



इस बात को क्लियर कहना चाहूंगा, कि वजन कम करने के लिए कैलोरी डेफिसिट में रहने के साथ ये भी ध्यान रखना जरूरी है, कि कैलोरी का इंटेक किस फूड से हो रहा है। कैलोरी ग्रीन सब्जियां, कॉम्प्लेक्स कार्ब, फ्रूट, जूस, नट्स आदि से आनी चाहिए, न कि पिज्जा, बर्गर , मिठाई, चॉकलेट आदि से।

### वेट लॉस जर्नी में न करें इन फूड का सेवन

इसलिए मैं कुछ ऐसे फूड के बारे में बता रहा हूं, जो वजन कम करने की अपेक्षा बढ़ा देते हैं, इसलिए वेट लॉस के दौरान उनका सेवन नहीं करना चाहिए।

### प्रोसेस्ड मीट

लंबे समय तक संरक्षित रखने वाले हर फूड को सेहत के लिए अच्छा नहीं माना जाता, क्योंकि उनमें कुछ ऐसे तत्व मिलाए जाते हैं, जिससे उनकी शेल्फ लाइफ बढ़ जाती है। शेल्फ लाइफ बढ़ाने वाले ये केमिकल शरीर पर बुरा प्रभाव डालते हैं और फूड को भी अनहेल्दी बना देते हैं। ऐसे में हेल्दी मीट अनहेल्दी हो जाता है, जो कि वजन बढ़ाने का भी काम कर सकता है। 2016 में अमेरिकन जर्नल ऑफ पब्लिक हेल्थ में पब्लिश हुए रिव्यू के मुताबिक, प्रोसेस्ड मीट के सेवन से पिछले 4 सालों में अधिक वजन बढ़ा है। वहीं जिन लोगों ने अनप्रोसेस्ड मीट का सेवन किया उनका वजन नहीं बढ़ा। इसलिए प्रोसेस्ड मीट का सेवन वेट लॉस जर्नी के दौरान ही नहीं, कभी भी करने से बचना चाहिए।

### सैचुरेटेड फैट / संतृप्त वसा


मीट और फुल फैट वाले डेयरी प्रोडक्ट में काफी अधिक मात्रा में सैचुरेटेड फैट / संतृप्त वसा पाया जाता है, जिनका अधिक सेवन करने से वजन कम होने की जगह वजन बढ़ भी सकता है। वहीं अगर सैचुरेटेड फैट की बात करें तो यह हार्ट प्रॉब्लम के लिए भी जिम्मेदार माना जाता है। इसलिए टोटल कैलोरी का 10 % से भी कम सैचुरेटेड फैट का सेवन करना चाहिए।



## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## 'मैं पिंजरे में कैद थी', मॉडल मनोहरा ओडेलिया का वर्षों बाद छलका दर्द



इंडोनेशियन-अमेरिकन मॉडल मनोहरा ओडेलिया ने अपनी जिंदगी के उस सच को दुनिया के सामने रखा है जिसने सभी को झकझोर दिया है। वर्षों तक खामोशी में जीने के बाद मनोहरा ने अब खुलकर कहा है कि उनका नाम जिस 'शाही शादी' से जोड़ा गया, वह न तो उनकी मर्जी से थी और न ही कानूनी रूप से सही थी।

साल 2008 में जब उनकी शादी मलयेशिया के केलंतान राज्य के शाही परिवार से जुड़े तेंगकु फाखरी से हुई, तब मनोहरा महज 16 साल की थीं। उस उम्र में जब किसी किशोरी को अपने सपने गढ़ने चाहिए होते हैं, मनोहरा खुद को एक ऐसे हालात में पाती हैं, जहां उनके पास फैसले लेने की आजादी ही नहीं थी। अब 33 वर्ष की हो चुकीं मनोहरा का कहना है कि उस दौर को 'रिश्ता' या 'विवाह' कहना सच्चाई को तोड़-मरोड़ना है। मनोहरा के मुताबिक, शाही महल के भीतर उनका जीवन किसी सुनहरे पिंजरे जैसा था। बाहर की दुनिया से बात करने की इजाजत नहीं थी, परिवार से दूरी बनाने के लिए कहा गया था और हर कदम पर नियंत्रण। उन्होंने बताया कि उन्हें स्वतंत्र रूप से बाहर जाने की इजाजत नहीं थी और लंबे समय तक मानसिक और शारीरिक प्रताड़ना झेलनी पड़ी। उनके शब्दों में, यह एक ऐसा दौर था जहां डर और मजबूरी रोजमर्रा की जिंदगी बन चुके थे। साल 2009 में उन्होंने साहसिक कदम उठाया। एक विदेशी यात्रा के दौरान, सिंगापुर के एक होटल से वह अपनी मां, स्थानीय पुलिस और अमेरिकी दूतावास की मदद से निकलने में सफल रहीं। यह पल उनके जीवन का टर्निंग पॉइंट साबित हुआ।

### टॉलीवुड

## थिएटर ने 'जन नायकन' की बजाय शिवकार्तिकेयन की फिल्म को दी तरजीह



थलापति विजय की आखिरी फिल्म 'जन नायकन' का बॉक्स ऑफिस टकराव शिवकार्तिकेयन की साउथ फिल्म 'पराशक्ति' से होगा। तमिलनाडु के कुंभकोणम में एक थिएटर ने 'जन नायकन' के बजाय शिवकार्तिकेयन की मूवी को दिखाने का फैसला लिया है, जिस पर विजय के फैंस का गुस्सा फूट पड़ा है। अभिनेता विजय इन दिनों अपनी आखिरी फिल्म 'जना नायकन' को लेकर सुर्खियों में हैं। अभी यह सेंसर बोर्ड से पास नहीं हुई है। सेंसर से इसे हरी झंडी मिल जाती है तो फिल्म 9 जनवरी को रिलीज हो सकती है। इसी दिन शिवकार्तिकेयन की साउथ फिल्म 'पराशक्ति' भी दस्तक दे रही है। दोनों फिल्मों के बॉक्स ऑफिस टकराव के बीच विजय के फैंस ने एक थिएटर को निशाना बनाया है। वजह यह है कि इस सिनेमाघर ने 'जन नायकन' के बजाय 'पराशक्ति' को दिखाने का फैसला किया है।

तमिलनाडु के कुंभकोणम में स्थित एक थिएटर में पोंगल फेस्टिवल पर विजय की फिल्म 'जना नायकन' के बजाय शिवकार्तिकेयन की फिल्म 'पराशक्ति' को दिखाने का फैसला लिया गया है। इसके बाद एक्टर विजय के फैंस से थिएटर को अपमानजनक और परेशान करने वाले मैसेज मिल रहे हैं। थिएटर की तरफ से सोशल मीडिया पर एक पोस्ट साझा कर यह बात कही गई है। वसु सिनेमाज ने एक्स अकाउंट पर एक पोस्ट साझा किया है। इसमें मैनेजमेंट ने बताया है कि उन्होंने विजय की फिल्म के बजाय 'पराशक्ति' की स्क्रीनिंग का फैसला क्यों लिया है? थिएटर प्रबंधन ने पोस्ट में लिखा है, 'हमने 'जन नायकन' की बजाय 'पराशक्ति' को क्यों चुना, इसके कई कारण हो सकते हैं। पिछले 15 वर्षों में हमने अपने थिएटर में विजय सर की ज्यादातर फिल्में दिखाई हैं।

### भोजपुरी

## अंग्रेजी बहुरिया ने छीना गांव वालों का चैन, सास की नाक में किया दम




यामिनी सिंह की फिल्म 'अंग्रेजी बहू' यूट्यूब पर रिलीज हो गई है और इसे लोग काफी पसंद कर रहे हैं। कुछ लोगों को ये भी लगा कि यामिनी सिंह ओवर एक्टिंग कर रही हैं। फिल्म को यूट्यूब पर 10 घंटे में 8 लाख से भी ज्यादा व्यूज मिल चुके हैं। हिंदी फिल्मों के साथ-साथ भोजपुरी का भी अलग ही स्वैग है। हर हफ्ते कोई न कोई नई फिल्म रिलीज होती है और रिलीज होते ही वायरल भी हो जाती है। कई फिल्में थिएटर में रिलीज होती हैं, तो कुछ फिल्में ऑनलाइन देखने के लिए उपलब्ध होती हैं। यामिनी सिंह की फिल्म भी आ गई है और इसकी पहली झलक के बाद से ही चर्चा काफी बढ़ गई थी। अब फिल्म आने के बाद लोग इसे खूब पसंद कर रहे हैं। भोजपुरी एक्ट्रेस यामिनी सिंह की सुपरहिट फिल्म 'अंग्रेजी बहू' यूट्यूब पर रिलीज हो गई है और इसे फैंस का खूब प्यार मिल रहा है। लोगों को फिल्म का थीम काफी पसंद आ रहा है। कमेंट सेक्शन तारीफों से भर गया है। एक फैन ने लिखा- सालों बाद अच्छी फिल्म आई है। एक ने कहा- बिना सर्च किया यह मूवी कितने लोगों को मिला और कितने लोगों को अच्छा लगा। वहीं एक ने कहा- इस फिल्म में कहानी से ज्यादा तो ओवर एक्टिंग है। कुछ लोगों को ये भी लगा कि यामिनी सिंह ओवर एक्टिंग कर रही हैं। फिल्म को यूट्यूब पर 10 घंटे में 8 लाख से भी ज्यादा व्यूज मिल चुके हैं। फिल्म के ट्रेलर की बात करें तो इसमें शुरू होते ही दिखाया गया है कि लीड हीरो ने लव मैरेज कर ली है और शहर की लड़की गांव में लेकर आया है, जो कुछ ज्यादा ही मॉडर्न है।




चिनोज की धूम

> चीनोज की उत्पत्ति चीनी कपड़े से हुई और जो अमेरिकी सेना द्वारा अपनाए गए थे, और अब फैशन में एक लोकप्रिय परिधान बन चुके हैं। आज के दौर में आप चिनोज़ के साथ एक्सपेरिमेंट करना शुरू कर सकते हैं। सिंपल ग्रे चिनोज़ युवा पसंद करते हैं। ब्लू जींस के साथ ब्लैक टी-शर्ट हर डार्क आउटफिट में पहनी जाती है। अब ज़रा उस टी-शर्ट के साथ ग्रे चिनोज़ की कल्पना करें, जो पूरे आउटफिट को हल्का कर सकती है। आप उस आउटफिट में क्लबिंग के लिए जा सकते हैं या डेट पर जा सकते हैं।

## पार्टी में ब्लैक की ख्वाहिश हो तो अपनाइए यह कलेक्शन

अगर आपको कहीं पार्टी में जाना है तो इसके लिए आप प्लाजो पैंट विद जैकेट को स्टाइल कर सकती हैं। माधुरी दीक्षित ने कुछ इसी तरीके का ट्राई किया है। इसमें फ्लोरल प्रिंट किया जता है, साथ ही इस कपड़े को शिमर चूज किया गया है ताकि जब कोई भी इसे पार्टी के लिए वियर करे तो वो सुंदर नजर आए। उनके इस लुक को तरंग अग्रवाल द्वारा तैयार किया गया है। आप भी इसी तरीके के आउटफिट्स को ट्राई कर सकती हैं। मार्केट से खरीदने पर आपको ये 2000 से 2500 में मिलेगी। नाइट पार्टी के लिए सोनाक्षी सिन्हा का ये लुक काफी अच्छा है। इसमें उन्होंने बॉडीकॉन शॉट ड्रेस को स्टाइल (इंडो वेस्टर्न आउटफिट्स) किया है। जिसमें मिरर वर्क जैसा पैटर्न डिजाइन किया गया है। इस ड्रेस में काफी स्टाइलिश और सुंदर नजर आ रही हैं। इसे आप ट्राई कर सकती हैं। उनके इस लुक को Tarang Agarwal द्वारा तैयार किया है। लेकिन आप मार्केट से जाकर इस तरह की ड्रेस की शॉपिंग कर सकती हैं। जिसे आप 1000 से 2000 में अच्छे डिजाइन के साथ खरीद सकती हैं।



### ब्लैक मैक्सी ड्रेस

कहीं घूमने जाने का प्लान है तो आप इस ब्लैक मैक्सी ड्रेस को स्टाइल कर सकती हैं। ये बेस्ट और सबसे अच्छा (इयररिंग्स डिजाइंस) ऑप्शन है। इसमें आपको पूरे में छोटे-छोटे प्रिंट मिलेंगे। साथ में ऊपर नेक पर अच्छा काम मिलेगा। इसे आप स्टाइल कर सकती हैं ये काफी सुंदर लगती है और कम्फर्टेबल भी होती है आप इसके साथ चाहे तो स्नीकर्स को स्टाइल कर सकती हैं। मार्केट से खरीदने पर ये आपको 500 से 1000 रुपये में मिल जाएग इस बार ब्लैक ड्रेस के इन ऑप्शन को ट्राई करें आप काफी सुंदर और सबसे अलग नजर आएंगी। क्लासिक लिटिल ब्लैक ड्रेस हर पार्टी के लिए एक सुरक्षित और स्टाइलिश विकल्प है। इसे आप सिंपल हील्स और क्लासिक क्लच के साथ पहनें। एक वाइड-लेग ब्लैक जंपसूट बहुत एलिगेंट और मॉडर्न लगता है। मेटालिक एक्सेसरीज (जैसे गोल्डन या सिल्वर) के साथ पेयर करें। ब्लैक साड़ी (मॉडर्न ट्विस्ट के साथ) में सिक्विन साड़ीः रात की पार्टी के लिए शानदार चमक बिखेरती है।

## सर्दियों में शादी अटेंड करने अपनाएं खास ड्रेस







शादियों का सीजन सर्दी के मौसम में ही शुरू होता है। लड़के तो ठंड के मौसम में आराम से अपना कोट पैंट पहनकर सर्दी से बचाव कर लेते हैं, लेकिन परेशानी सामने आती है महिलाओं के सामने। दरअसल, शादी में ठंड चाहे जितनी भी हो, लेकिन उसमें भी महिलाएं स्वेटर पहनना या शॉल ओढ़ना पसंद नहीं करतीं। ऐसे में कई बार सर्द हवाओं से तबियत तक खराब होने की संभावना बनने लगती है। इसी के चलते इस मौसम में फैशन दिखाने के साथ-साथ ठंड के बचना भी बेहद जरूरी होता है। अगर आपको भी इस मौसम में कोई शादी अटेंड करनी है, जिसमें आप फैशनेबल भी दिखना चाहती हैं, तो ये लेक आपके लिए है। हम आपको कुछ ऐसे हैक्स बताने जा रहे हैं, जिनको अपनाकर आप खूबसूरत अंदाज भी दिखा सकेंगी और साथ में आपको सर्दी भी नहीं लगेगी। इन हैक्स को फॉलो करने के लिए आपको बस कुछ बातों का ध्यान रखना होगा।

### लहंगा या साड़ी के साथ पहनें फुल स्लीव

अगर आप शादी के दिन लहंगा या साड़ी पहन रहीं हैं तो उसके साथ फुल स्लीव ब्लाउज कैरी करें। फुल स्लीव ब्लाउज आपको सर्दी से बचाने में मदद करेगा। हालांकि इससे ज्यादा ठंड नहीं बचेगी, लेकिन थोड़ी राहत मिल सकती है।

### लहंगा-साड़ी के अंदर पहनें थर्मल

आप चाहें तो लहंगा या फिर साड़ी के साथ अंदर थर्मल पहन सकती हैं। ये आपको पूरी तरह ठंड से बचाने में मदद करेगा। इसके साथ ही इसे पहनने से आपका स्टाइलिश भी खराब नहीं होगा।

### एथनिक के साथ पहनें जैकेट

आजकल के समय में एथनिक वियर के साथ जैकेट्स पहनने का काफी ट्रेंड है। अगर आपको ज्यादा ठंड लगती है तो लहंगा या साड़ी के साथ आप जैकेट पहन सकती हैं।

## कमर तक लंबे हो सकते हैं आपके बाल, जानें कैसे?

बालों को लम्बा करने के लिए आप घर में मौजूद चीजों का इस्तेमाल कर सकते हैं। तो चलिए आज हम आपको बताने वाले हैं ऐसा तेल जो आपके बालों को कमर तक लम्बा करने में सहायता करेगा। साथ ही बताएंगे इसके फायदे। एलोवेरा जेल में विटामिन-ए, विटामिन-सी और विटामिन-बी होता है जो कि बालों को भरपूर मात्रा में पोषण देता है। इसमें मौजूद एंटीऑक्सीडेंट गुण बालों को हाइड्रेट करने में मदद करता है। एलोवेरा जेल के अंदर एंटी-बैक्टीरियल गुण होता है जो बालों को हर तरह के इन्फेक्शन से बचाता है। सरसों का तेल बालों के लिए नेचुरल कंडीशनर का काम करता है। बालों को नौरिश करने से लेकर फ्रीजीनेस को कम करने में सहायता करता है। सबसे पहले एक बाउल में बालों की लेंथ के अनुसार सरसों के तेल की निकाल लें। इसमें अब एलोवेरा के पौधे से जेल को निकालकर मिला लें। इन दोनों चीजों को अच्छी तरह से मिला लें। इस तेल को बालों की स्कैल्प से लेकर लेंथ तक में लगा लें। इसे आप रात को सोने से पहले इस्तेमाल करें



और सुबह उठते ही बालों को शैम्पू की सहायता से धो लें। शैम्पू के बाद आप कंडीशनर लगाकर बालों को धो सकते हैं। इस तेल को आप हफ्ते में 2 बार तक बालों में लगा सकते हैं। लगातार इसका इस्तेमाल करने से आपके बाल लम्बे होने लगेंगे।

## क्रॉप्ड पैंट पहनने का सही स्टाइल जानिए, पाइए परफेक्ट लुक

फैशन पर सिर्फ महिलाओं की समझ और पसंद को जरूरी नहीं माना जा सकता है। पुरुषों के स्टाइल का भी अपना अलग एक पैमाना है। इस पैमाने पर खरा उतरने के लिए पुरुषों को भी कई सारे नियम-कायदे ध्यान रखने होते हैं। ताकि वो परफेक्ट दिखें और फैशन की दुनिया में पीछे न रह जाएं।

इसलिए फैशन को अपनाइए और क्रॉप्ड पैंट पहनने का सही तरीका जानिए। वही क्रॉप्ड पैंटन जो नीचे से थोड़ी ऊंची और पसंद के मुताबिक थोड़ी टाइट भी होती है।

इस पैंट को यूंहीं खरीद कर पहन लेने की सोचिएगा भी नहीं क्योंकि इसको पहनने का एक खास तरीका होता है। सबसे पहले तो इसी सवाल का जवाब जानिए कि पैंट ऊंची हो तो कितनी? इसका जवाब है ये पेंट जूतों से 3 इंच ऊपर होनी चाहिए और मिड काल्फ से नीचे भी। अब सवाल ये है कि इन पैंट की फिट को कितना स्लिम या वाइड होना चाहिए?

इसके लिए आपको अच्छे फिट वाली स्किनी या स्लिम कट जींस पहननी चाहिए। लेकिन मूवमेंट के लिए इसमें जगह होनी चाहिए। अब इस पैंट को स्टाइल करने की बात करते हैं तो आपको इनमें नेवी, ब्लैक और



सफेद रंगों का चुनाव करना चाहिए। इसके अलवा अगर आप कोई और रंग चुनते हैं तो रॉयल ब्लू, बरगंडी वगैरह चुने जा सकते हैं।

इन पैंट के साथ जूते चुनते हुए भी सावधानी बरतें। इनके साथ ऐसे जूते पहनें, जिनमें मोजे पहने बिना काम चल जाए। या फिर आप बिना मोजों के ही जूते पहनें। इसके साथ आप स्लिप स्टाइल के जूते पहन लें, वो आपके लुक को बेस्ट बना देंगे। लेस अप केनवास शू का चुनाव भी अच्छे रहेगा। क्रॉप्ड पैंट को ब्लेजर के साथ पहनना भी स्टाइल से जुड़ा जरूरी और बेहतरीन निर्णय हो सकता है।

**कार्नर न्यूज**

**इस मौसम में फैशन के मामले में खुद को रखें आगे**

## अधूरे विंटर फैशन को अब कहें बाय-बाय, स्वेटर-जैकेट के अलावा इन्हें पहनकर पाएं कंप्लीट लुक

सर्दी का मौसम स्टाइलिश बनाने का काम भी करता है, यदि आप फैशन के मामले में खुद को आगे रखना पसंद करते हैं। इस दौरान एक नहीं कई प्रकार के विंटर आउटफिट्स को पहन सकते हैं। जबकि हम गर्मी के मौसम में चाहकर भी एक से अधिक कपड़े नहीं पहन पाते। लेकिन सर्दी में ये समस्या नहीं है।

इसके बावजूद भी कई लोगों का विंटर फैशन अधूरा रह जाता है। हालांकि वे इस बात को जान पाते हैं या नहीं, यह बता पाना मुश्किल है। लेकिन यदि आप अनजाने में विंटर फैशनको अधूरा छोड़ रहे हैं तो यहां पर कुछ बातों को जान लें। इनके जरिए अपने विंटर वार्डरोब को रिफ्रेश कर सकते हैं।

दरअसल, हम एक ही चीज को अधिकतर बार देखते और उसको ही पहनते हैं। इसी वजह से हम उससे बाहर नहीं निकल पाते। इसलिए सर्दी में बस हमारा फैशन स्वेटर, जैकेट, मफलर तक ही सिमटकर रह जाता है। जबकि हमारे पास एक नहीं कई विकल्प हैं।

इन निम्नलिखित चीजों को आप अपने स्वेटर व अन्य विंटर ड्रेस के



साथ भी पहनकर क्लासी और फंकी लुक पा सकते हैं।

कार्डिगन का नाम आने पर आपके दिमाग में क्या लेडिज वियर की बात आई। अगर हां तो हम आपको बता दें कि विंटर में आपके लिए भी कार्डिगन (Cardigan) पहनना काफी दिलचस्प हो सकता है। इसे भले ही रेगुलर नहीं पहन सकते हैं लेकिन विंटर पार्टी वियर्स के लिए पहनें। शॉल कॉलर कार्डिगन क्लासी लुक के लिए सही होते हैं। इसके साथ लेयरिंग करना सही हो सकता है।

सर्दी के मौसम में लेयरिंग करना जरूरी होता है। इस मौसम में लेयरिंग करने से सर्दी से राहत मिलने के साथ-साथ स्टाइलिश लुक भी मिलता है। लेकिन जैकेट के साथ लेयरिंग करने से बेहतर होगा हूडेड श्रग (Hooded Shrug) के साथ करें। ये आपके लुक में थोड़ा नयापन लाएगा।

यदि आपने दोस्तों के साथ पार्टी करने का प्लान किया है तो ऐसे में हूडेड श्रग को पहनकर जाएं। इससे बेहतरीन कैजुअल लुक मिलेगा। ठंड के मौसम में कैजुअल लुक पाने के लिए यह सबसे आसान और बेस्ट है।

### हूडेड श्रग किसके साथ पहनें

हूडेड श्रग के साथ लेयरिंग करना मुश्किल काम नहीं है। किसी प्लेन टी-शर्ट के साथ ऐसे श्रग को पहन सकते हैं। इस तरह के श्रग के साथ कभी वी या राउंड नेक टी-शर्ट पहन सकते हैं। इसके अलावा सॉलिड कलर स्वेटर भी पहन सकते हैं। इसको स्वेटशर्ट, हाईनेक स्वेटर इत्यादि के साथ न पहनें। इसके साथ अपना पसंदीदा स्नीकर पहन सकते हैं।

### ट्रेंच कोट

सर्दी के मौसम में हॉट दिखने के लिए कुछ इस तरह की ड्रेस को ट्राय करें। ट्रेंच कोट विंटर लुक को किलर बनाने का काम करता है। यकीनन इस तरह की ड्रेस के आगे बाकी सब फीके पड़ जाएंगे।

